• जयपुर, बुधवार 23 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 324 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# जमुई उत्पीडऩ मामला: नाबालिग को जबरदस्ती पकड़ने वाले दो मुख्य आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

जमुई/एजेंसी।

बिहार के जमुई में नाबालिग छात्र और छात्रा के साथ मारपीट एवं यौन उत्पीडऩ के मामले में पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों नंदन यादव और हरेराम यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की तलाश के दौरान हुई मुठभेड़ में नंदन यादव के पैर में गोली लगी, जबकि पुलिस से बचकर भागने के दौरान हरेराम यादव का पैर टूट गया। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में कुल सात से आठ आरोपी शामिल हो सकते हैं। अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा था।

पुलिस का कहना है कि नंदन यादव घटना के वीडियो में छात्रा के साथ सबसे आपत्तिजनक हरकत करते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद से वह फरार था और घटनास्थल के पास मड़वा पहाड़ी पर छिपा हुआ था। मंगलवार को पुलिस को उसके वहां मौजूद होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की।



पुलिस के अनुसार, जवानों ने नंदन को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया और उसे रोकने के लिए गोली चलाई, जो उसके पैर में लगी। इसके बाद उसे पकड़ लिया गया। इसी दौरान हरेराम यादव भी पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में घायल हो गया और उसका पैर टूट गया।

पुलिस के अनुसार, घटना के दौरान लाल गमछा ओढ़े दिखाई देने वाला युवक नंदन यादव है। आरोप है कि उसने नाबालिग छात्रा को गोद में उठाया और उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की। पुलिस अब घटना के वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच है, जबकि मामले में तीन नाबालिग आरोपियों के शामिल होने की भी जानकारी सामने आई है। उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, शनिवार 19 सितंबर की शाम कक्षा 10 का एक छात्र अपनी महिला मित्र के साथ जमुई के एक पहाड़ी पर्यटन स्थल से स्कूटर पर लौट रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उनका पीछा किया और रास्ते में स्कूटर रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने दोनों को गालियां दीं और स्कूटर से उतरने के लिए मजबूर किया। इसके बाद नाबालिग छात्रा के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीडऩ किया गया, जबकि छात्र के साथ मारपीट की गई।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। मामले को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस्तीफे की मांग की गई।

जमुई पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों के साथ-साथ नाबालिग छात्रा का वीडियो सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, वीडियो को प्रसारित कर पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में करीब 120 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने वीडियो प्रसारित करने के आरोप में रामाशीष चौधरी नामक एक युवक को भी हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे नाबालिग पीड़िता से संबंधित वीडियो को आगे प्रसारित या साझा न करें। पुलिस ने कहा है कि पीड़िता की पहचान उजागर करना कानूनन अपराध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन किया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश के साथ-साथ घटना के वीडियो और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

न्यूज़ अपडेट

## तेज रफ्तार बल्कर और कार की आमने-सामने भिड़ंत, डॉक्टर दंपती समेत चार की मौत

● अटरू-कवाई मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार के चार लोगों की गई जान; बल्कर चालक फरार

**बारां/एजेंसी।** राजस्थान के बारां जिले में अटरू-कवाई मार्ग पर मंगलवार को हुए भीषण सड×क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बल्कर और कार के बीच आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चारों लोग अंदर फंस गए। मृतकों में डॉक्टर दंपती और उनके दो बच्चे शामिल हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही कवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए कवाई चिकित्सालय पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी चारों को मृत घोषित कर दिया। कवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के अनुसार, मृतकों की पहचान मांडलगढ़ के पीएमओ चिकित्सक सुरेश गजराज, उनकी पत्नी चिकित्सक शालिनी मौर्य तथा उनके दो बच्चों 12 वर्षीय स्वप्निल और सात वर्षीय निलिशा के रूप में हुई है। बताया गया है कि परिवार छबड़ा से जयपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अटरू और कवाई के बीच सामने से तेज रफ्तार से आ रहे बल्कर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों लोग बुरी तरह फंस गए।

# दिल्ली में एसआईआर के तहत नोटिस पाए मतदाताओं के घर जाएंगे निर्वाचन अधिकारी

## 47.5 लाख नाम प्रारूप मतदाता सूची से बाहर, करीब 31.6 लाख मतदाताओं को नोटिस; अधिकारियों की संख्या बढ़ाने की तैयारी

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को जारी किए गए नोटिस के बाद निर्वाचन विभाग ने सत्यापन प्रक्रिया तेज कर दी है। नोटिस पाने वाले मतदाताओं की समस्याओं के समाधान के लिए बूथ स्तर अधिकारी, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को उनके घर भेजने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, नोटिस मिलने का अर्थ मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया जाना नहीं है। किसी नाम को हटाने से पहले संबंधित मतदाता को सुनवाई का पूरा अवसर देना और उचित आदेश पारित करना अनिवार्य है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार के स्तर पर इस प्रक्रिया को गति देने के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। वर्तमान में लगाए गए करीब 300 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों की संख्या बढ़ाकर लगभग 900 किए जाने की तैयारी है। वहीं बूथ स्तर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं और दस्तावेजों से



संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं।

निर्वाचन विभाग के अनुसार, एसआईआर के दौरान तैयार की गई प्रारूप मतदाता सूची में ऐसे मतदाताओं को चिह्नित किया गया है, जिनका नाम पिछली गहन पुनरीक्षण सूची से सीधे जोड़ा नहीं जा सका या जिनके विवरण में तार्किक विसंगतियां पाई गईं। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। दिल्ली में 31 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। इसमें करीब 97.54 लाख मतदाताओं के नाम हैं, जबकि पुनरीक्षण से पहले करीब 1.45 करोड़ मतदाता सूची में दर्ज थे। प्रारूप सूची में करीब 47.57 लाख नाम शामिल नहीं किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, इनमें बड़ी संख्या ऐसे मतदाताओं की है जिन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरे नाम वाली श्रेणियों के तहत चिह्नित किया गया है।

निर्वाचन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, करीब 31.6 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें ऐसे मतदाता शामिल हैं जिनका पिछली पुनरीक्षण सूची से मिलान नहीं हो पाया अथवा उनके विवरण में तार्किक विसंगतियां पाई गईं। व्यापक आंकड़ों में करीब 33.13 लाख मतदाताओं को इन दोनों श्रेणियों में चिह्नित किया गया है, हालांकि जारी किए गए नोटिसों की संख्या इससे कुछ कम है।

इन नोटिसों में कई प्रमुख सार्वजनिक और राजनीतिक हस्तियों के नाम भी शामिल हैं। इनमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज सहित अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर के दौरान जारी किया गया नोटिस अपने आप में मतदाता का नाम हटाने का आदेश नहीं है। नोटिस का उद्देश्य मतदाता के विवरण का सत्यापन और आवश्यक सुधार करना है। किसी मतदाता का नाम बिना सुनवाई का अवसर दिए और उचित, कारणयुक्त तथा अपील योग्य आदेश के बिना मतदाता सूची से नहीं हटाया जा सकता।

नोटिस प्राप्त मतदाता संबंधित निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के समक्ष आवश्यक दस्तावेज और अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, दस्तावेजों की सूची मार्गदर्शक प्रकृति की है। उपलब्ध दस्तावेजों और बूथ स्तर अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारी मामले का निर्णय

# जल सुरक्षा से ही जन सुरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा सुनिश्चित होगी : उप-राष्ट्रपति



नई दिल्ली/एजेंसी।

उप-राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 9वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह-2026 का उद्घाटन किया। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 22 से 26 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का विषय 'जलवायु-अनुकूल जल प्रबंधन' है। कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ और जल क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारक भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उप-राष्ट्रपति ने कहा कि जल जीवन और सभ्यताओं का आधार है। इसलिए जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, संरक्षण और प्रभावी एवं एकीकृत प्रबंधन समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल सुरक्षा से ही जन सुरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

● पानी की कमी के अनुभव को किया साझा

सी. पी. राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में अपने बचपन के अनुभवों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं पानी की कमी की स्थिति देखी है। उस समय लोगों तक पीने का पानी पहुंचाना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता था। उन्होंने कहा कि मानवता और विश्व के हित में पानी बचाना सबसे आवश्यक है।

उप-राष्ट्रपति ने बताया कि दो दशक से भी अधिक समय पहले उन्होंने तमिलनाडु में करीब 19 हजार किलोमीटर की रथ यात्रा की थी। यात्रा के उद्देश्यों में नदियों को आपस में जोडऩे, जल संरक्षण और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन को लेकर जागरूकता फैलाना शामिल था। उन्होंने कहा कि नदी जोडऩे की अवधारणा उन क्षेत्रों में बाढ़ और सूखे जैसी विपरीत परिस्थितियों से निपटने में सहायक हो सकती है।

# डीयू के 12 कॉलेजों में शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति को लेकर डूटा का मार्च 23 सितंबर को

## दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से उपराज्यपाल कार्यालय तक निकलेगा मार्च, मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी

नई दिल्ली/एजेंसी।

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध और दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्तपोषित 12 कॉलेजों में लंबे समय से तदर्थ और अस्थायी आधार पर कार्यरत शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू कराने की मांग को लेकर 23 सितंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार संख्या-1 से उपराज्यपाल कार्यालय तक मार्च निकालने की घोषणा की है। डूटा अध्यक्ष प्रो. वी.एस. नेगी ने कहा कि इन कॉलेजों में कई शिक्षक पांच, दस और यहां तक कि 15 वर्षों से तदर्थ अथवा अस्थायी आधार पर सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कई अन्य कॉलेजों में स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है, लेकिन



दिल्ली सरकार से वित्तपोषित इन 12 कॉलेजों में लंबे समय से काम कर रहे शिक्षकों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया अब भी लंबित है। डूटा ने इससे पहले भी पत्रों, ज्ञापनों और धरनों के माध्यम से यह मुद्दा दिल्ली सरकार के समक्ष उठाया है। अगस्त में डूटा ने इस मांग को लेकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी थी।

प्रो. नेगी के अनुसार, इन 12 कॉलेजों में करीब 500 से 600 शिक्षक तदर्थ और अस्थायी आधार पर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों ने वर्षों तक विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों की तरह ही शिक्षण कार्य किया है। ऐसे में उनके अनुभव और सेवाकाल को ध्यान में रखते हुए रिक्त एवं स्वीकृत पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन कॉलेजों में पहले शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ा था। दिल्ली सरकार की ओर से वित्तीय व्यवस्था में सुधार और बजट में आवश्यक प्रावधान किए जाने के बाद वेतन संबंधी समस्या काफी हद तक दूर हुई है। हालांकि, डूटा का कहना है कि शिक्षकों की समस्या केवल वेतन तक सीमित नहीं है और लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए स्थायी नियुक्ति का रास्ता भी खोला जाना चाहिए। दिल्ली सरकार से पूर्ण वित्तपोषित इन 12 कॉलेजों में आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, भगिनी निवेदिता कॉलेज, भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज, डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान, केशव महाविद्यालय, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शहीद राजगुरु कॉलेज और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज शामिल हैं। डूटा का कहना है कि इन संस्थानों में लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति और स्वीकृत पदों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मई 2026 में भी शिक्षक संगठनों ने इन 12 कॉलेजों में तदर्थ शिक्षकों के नियमितीकरण और अतिरिक्त पदों को मंजूरी देने की मांग उठाई थी। उस समय संगठन ने बताया था कि वर्ष 2010-11 में इन कॉलेजों के लिए 301 शिक्षण पद स्वीकृत किए गए थे।

# अमेरिकी मीडिया का राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ कड़ा कदम, रोकी कार्यक्रमों की सामूहिक कवरेज

वॉशिंगटन/एजेंसी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से सीएनएन, एमएस नाउ और पोलिटिको के व्हाइट हाउस प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद अमेरिका के प्रमुख टेलीविजन नेटवर्कों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की साझा वीडियो कवरेज रोक दी है। सोमवार, 21 सितंबर को फॉक्स न्यूज, एबीसी न्यूज, सीबीएस न्यूज, सीएनएन और एनबीसी न्यूज ने राष्ट्रपति के लिए संचालित टेलीविजन प्रेस पूल को अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया। अमेरिकी मीडिया में राष्ट्रपति के सार्वजनिक कार्यक्रमों की टेलीविजन कवरेज के लिए इन पांच प्रमुख नेटवर्कों की बारी-बारी से जिम्मेदारी तय होती है। जिस नेटवर्क की बारी होती है, वह राष्ट्रपति के कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग करता है और



उसकी तस्वीरें व वीडियो अन्य समाचार संस्थानों को उपलब्ध कराता है। इस व्यवस्था को साझा प्रेस पूल कहा जाता है। सोमवार को यह जिम्मेदारी सीएनएन की थी, लेकिन व्हाइट हाउस द्वारा उसके पत्रकारों का प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने के बाद सीएनएन यह काम नहीं कर सका। इसके बाद अन्य नेटवर्कों ने भी उसकी जगह लेने से इनकार कर दिया और पूरी साझा व्यवस्था रोक दी। यह विवाद तब शुरू हुआ जब राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को सीएनएन, एमएस नाउ और पोलिटिको को व्हाइट हाउस से प्रतिबंधित करने की घोषणा की।

## संपादकीय

# कर्ज का बोझ बढ़ेगा

जब रकम वापसी शुरू होगी, तो क्या जो संकट अभी टाला गया है, उसका उस समय अधिक बड़े रूप में सामना करना पड़ेगा? क्या फौरी संकट टालने के लिए भविष्य की चुनौतियां बढ़ा ली गई हैं?

फॉरेन करेंसी नॉन–रेसिडेंट बैंक (एफसीएनआर–बी) योजना के जरिए अनिवासी भारतीयों और विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों से विदेशी मुद्रा (मुख्य रूप से डॉलर) लाने की योजना कामयाब रही। इससे उस समय 136 बिलियन डॉलर भारत आए हैं, जब देश से डॉलर की निकासी के कारण रुपया बेहद दबाव में था। आए डॉलर के कारण रुपये की कीमत संभली है। लेकिन इस कामयाबी ने कई आशंकाओं को भी जन्म दिया है। यह एक टर्म डिपॉजिट स्कीम है। इसमें तीन से पांच साल की अवधियों के लिए जमा रकम विदेशी मुद्रा में ही मैच्योर होगी। वह रकम विनिमय दर के उतार–चढ़ाव से प्रभावित नहीं होगी। इस पर मिले ब्याज पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा।

मोटे तौर पर इसे फिक्स्ड डिपॉजिट की ऐसी योजना के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें मैच्युरिटी पर मिलने वाली रकम उस दौरान हुई मुद्रास्फीति के प्रभाव से मुक्त रहेगी। जमा रकम पर लगभग 16 प्रतिशत का तय रिटर्न मिलेगा। और इसीलिए यह सवाल उठा है कि तीन साल के बाद जब रकम वापसी शुरू होगी, तो क्या जो संकट अभी टाला गया है, उसका उस समय अधिक बड़े रूप में सामना करना पड़ेगा? बैंकों को भुगतान डॉलर में ही करना होगा, जिससे तब विदेशी मुद्रा भंडार पर अचानक बड़ा दबाव बढ़ सकता है।

इस बीच अमेरिका या अन्य देश अपनी ब्याज दरें बढ़ाते हैं, तो अनिवासी भारतीय निवेशकों को आकर्षित किए रखने के लिए भारतीय बैंकों को भी अधिक ब्याज देना होगा। उससे देश पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। अभी ही इस योजना के कारण भारत पर विदेशी कर्ज का बोझ 765 बिलियन से बढ़ कर लगभग 900 बिलियन डॉलर हो गया है। जब केंद्र के राजस्व का 40 प्रतिशत और बजट का 26 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ ब्याज चुकाने पर खर्च हो रहा हो, तो बढ़े ऋण के दुष्परिणाम को समझा जा सकता है। इसीलिए सवाल उठा है कि क्या फौरी संकट टालने के लिए भविष्य की चुनौतियां बढ़ा ली गई हैं? इसीलिए वित्तीय हलकों में यह अंदेशा जताया गया है कि कहीं इस योजना का हाल भी गोल्ड बॉन्ड स्कीम जैसा ना हो जाए!

## राज्य योजनाओं में लागू होगा स्टेट सिंगल नोडल एजेंसी (एस-एसएनए) मॉडल

- **योजनाओं की राशि का पारदर्शी, सुरक्षित और प्रभावी उपयोग होगा सुनिश्चित**
- **एक योजना-एक बैंक खाता, आवश्यकता के समय ही सीधे हितग्राही एवं वेंडर को भुगतान**
- **रियल-टाइम मॉनिटरिंग से वित्तीय अनुशासन और नकदी प्रबंधन होगा मजबूत**

**सुनील त्रिपाठी।**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित चिन्हित योजनाओं के लिए राज्य एकल नोडल एजेंसी (एस-एसएनए) मॉडल लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। नई व्यवस्था का उद्देश्य राज्य योजनाओं में सरकारी निधि के प्रवाह को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित, कुशल और प्रभावी बनाना है।

एस-एसएनए मॉडल के तहत विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसियों के अनेक बैंक खातों में पहले से राशि रखने के बजाय प्रत्येक चिन्हित योजना के लिए एक केंद्रीकृत मुख्य खाता (मदर अकाउंट) बनाया जाएगा। योजना के लिए राशि वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही जारी होगी। भुगतान के समय एस-एसएनए खाते से संबंधित शून्य शेष सहायक खाते (जेडबीएसए) के माध्यम से सीधे विक्रेता अथवा हितग्राही के खाते में भुगतान किया जाएगा। इससे सरकारी धन लंबे समय तक निष्क्रिय नहीं रहेगा और उपलब्ध निधि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य योजनाओं के लिए उपलब्ध प्रत्येक रुपये का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है। एस-एसएनए मॉडल से सरकारी धन के प्रवाह में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। इससे वित्तीय अनुशासन मजबूत होने के साथ सुशासन को भी अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## भूमिगत संरचना का मानचित्रण:

# संपूर्ण प्रणाली और संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के ज़रिए किस प्रकार आईसीएआर की 'मृदा आसूचना' भारत के विशाल अवसंरचना विस्तार को नया रूप दे रही है

**● एम.एल. जाट और एन.जी. पाटिल**

भारत अभूतपूर्व और ऐतिहासिक गति से अपने डिजिटल, फिजि×कल (भौतिक) और फिजिटल (फिजिकल+डिजिटल) भविष्य का निर्माण कर रहा है। देश हर वर्ष औसतन 4.5 लाख से अधिक रूट किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क का विस्तार कर रहा है, जबकि साथ ही लगभग 11,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण और 6,500 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा रहा है और हर वर्ष लगभग 5,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक जोड़े जा रहे हैं। इस व्यापक विस्तार का अर्थ है कि देशभर में डिजिटल कनेक्टिविटी के 22.8 लाख किलोमीटर के आश्चर्यजनक विस्तार वाले बहुवर्षीय राष्ट्रीय विस्तार के साथ-साथ, देश प्रतिदिन लगभग 30 किलोमीटर राजमार्ग और 12 से 15 किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण कर रहा है। फिर भी, जैसे-जैसे ये विस्तृत परिवहन गलियारे, अल्ट्रा-मेगा सौर पार्क और विशाल डिजिटल नेटवर्क विस्तार पा रहे हैं, कृषि विज्ञान के नेतृत्व में एक शांत तकनीकी सहयोग भूमि की सतह के ठीक नीचे हो रहा है।

बड़े परियोजनाओं के लिए बोली लगाने वालों को अक्सर पहले से मिट्टी की खुदाई की लागत का अनुमान तैयार करना पड़ता है, भले ही पहले से कोई भूवैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध न हो। चूंकि परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया की समय-सीमा बहुत कम होती है, इसलिए त्वरित और विश्वसनीय मृदा संबंधी आंकड़े इस जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं–विशेषकर तब, जब परियोजना भारत के बाहर स्थित हो और स्थानीय भू-भाग संबंधी आंकड़ों तक पहुंच कठिन हो। इसके अलावा, बोली जीतने के बाद, परियोजना क्रियान्वयन-कर्ताओं को बार-बार आने वाली करोड़ों रुपये की समस्या का सामना करना पड़ता है: नरम मिट्टी में आसानी से खुदाई करते हुए इंजीनियरिंग दल अचानक भूमिगत चट्टान की कठोर दीवार से टकरा जाता है, या भ्रामक काली कपास मिट्टी पर बनाई गई नई सड×क में दरारें पडने़ लगती हैं और वह उखडने़ लगती है। काम रुक जाता है, मशीनरी बेकार खड़ी रहती है और परियोजना की लागत आसमान छूने लगती है। इस महत्वपूर्ण सूचना अंतराल को पाटने के लिए, नागपुर स्थित आईसीएआरझ्रराष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो (एनबीएसएस एवं एलयूपी) के वैज्ञानिकों ने एक क्रांतिकारी प्रतिमान विकसित किया है: मृदा आसूचना-आधारित पूर्वानुमानात्मक इंजीनियरिंग। दशकों से उपलब्ध मृदा विज्ञान संबंधी आंकड़ों को उन्नत मशीन लर्निंग के साथ जोड×कर, आईसीएआर बुनियादी ढांचा योजनाकारों को जमीन में पहली फावड़ी लगने से पहले ही पृथ्वी के बारे में एक्स-रे दृष्टि प्रदान कर रहा है–यह सिद्ध करते हुए कि कृषि अनुसंधान खेतों से कहीं आगे राष्ट्रीय विकास का एक आधारभूत चालक है।

**गति और विस्तार की अनदेखी की गई चुनौतियां**

भारत में वर्तमान अवसंरचना विस्तार की अत्यधिक तीव्र गति के कारण पारंपरिक नियोजन स्वयं एक बाधा बन गया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल डिजिटल फुटप्रिंट लगभग 19.35 लाख रूट किलोमीटर से बढ×कर 42.36 लाख रूट किलोमीटर से अधिक हो गया है, जो कई वर्षों में हुए व्यापक विस्तार को दर्शाता है। इसी हालिया पांच-वर्षीय अवधि में, देश ने 57,125 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया है। इसी दौरान, भारतीय रेलवे ने 33,000 से अधिक रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया है, जो औसतन लगभग 6,600 किलोमीटर प्रतिवर्ष है और ब्रॉड गेज नेटवर्क के विद्युतीकरण को लगभग 99.6त्न तक पहुंचाता है, जिसकी दर प्रतिदिन 15 से अधिक रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण की है। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में, भारत ने अपनी प्रमुख सौर योजना के तहत 54 से 56 बड़े पैमाने के सौर पार्कों को मंजूरी दी है, जिनकी स्वीकृत क्षमता लगभग 39.5 गीगावाट है, जिससे 100 से अधिक सार्वजनिक और निजी पार्कों में कुल ग्राउंड-माउंटेड सौर क्षमता 122 गीगावाट से अधिक हो गई है।

इन विशाल कार्यों में शामिल कई सरकारी और निजी एजेंसियां–चाहे वे भूमिगत संचार लाइनों को बिछाने, विद्युत पारेषण टावर खड़े करने या विशाल सौर संरचनाओं को आधार प्रदान करने का काम कर रही हों–सटीक भूमिगत आंकड़ों पर अत्यधिक निर्भर रहती हैं। फिर भी, पारंपरिक प्रारंभिक भू-तकनीकी सर्वेक्षण में काफी समय और लागत लगती है। चूँकि, परियोजनाएं इतनी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, ये महत्वपूर्ण मृदा जांच अक्सर छोड़ दी जाती हैं या सीमित कर दी जाती हैं। इसका परिणाम? अनिश्चित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), भ्रामक लागत अनुमान और बोलीदाताओं के लिए गंभीर वित्तीय जोखिम।

**कृषि-अवसंरचना संबंध**

आईसीएआर-एनबीएसएस एवं एलयूपी ने इस सूचना-अंतराल को एक प्रमाणित, समय-परीक्षित प्रौद्योगिकी के माध्यम से दूर किया है, जो पूरे भारत और कई अन्य देशों में काम करती है। उपग्रह रिमोट सेंसिंग और मशीन लर्निंग का उपयोग करके, आईसीएआर स्थल-विशिष्ट भू-तकनीकी मृदा गुणों, जैसे मृदा की गहराई, अंतिम वहन क्षमता (सिविल इंजीनियरिंग संरचना को सहारा देने में निर्णायक कारक), स्थू,ल घनत्व आदि का पूर्वानुमान लगाता है, जिसके लिए भूमि की धीमी, महंगी और विघटनकारी ड्रिलिंग की आवश्यकता नहीं होती।

यह पद्धति पूरी तरह स्वचालित पाइपलाइन के अंतर्गत बहु-स्रोत भू-स्थानिक इनपुट पर मशीन-लर्निंग रिग्रेशन मॉडल का उपयोग करती है। उपग्रह चित्रों, डिजिटल एलिवेशन मॉडल, भू-भाग की ढलान संबंधी व्युत्पन्न आंकड़ों, लिथोलॉजी और भूजल स्तर को संसाधित करके, आईसीएआर का मृदा वर्गीकरण इंजन सटीक, स्थल-विशिष्ट पूर्वानुमान तैयार करता है। यह प्रणाली मृदा की गहराई (नरम, कठोर या मिश्रित परतों की गहराई) और अन्य मापदंडों का सटीक पूर्वानुमान लगाती है। इन मापदंडों का उपयोग इंजीनियरिंग एजेंसियों द्वारा प्रारंभिक भू-तकनीकी डिजाइन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने और बोली-पूर्व लागत अनुमान के लिए सीधे किया जाता है।

पारंपरिक क्षेत्र सर्वेक्षणों की तुलना में, यह डिजिटल समाधान लागत और समय दोनों में 75त्न की कमी करता है। तीन सदस्यों की एक छोटी टीम प्रतिदिन लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मार्ग को संसाधित कर सकती है, जिससे यह बड़े पैमाने पर, समयबद्ध राष्ट्रीय नियोजन के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बन जाता है। भारतभर में 50,000 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में इस पूर्वानुमानात्मक दृष्टिकोण का सत्यापन करने के बाद, क्षेत्र में सत्यापित आंकड़ों के मुकाबले लगभग 80त्न की पूर्वानुमान सटीकता (क्रद्ध मान लगातार 0.78 से अधिक) प्राप्त हुई है, यहां तक कि कम आंकड़ों वाले क्षेत्रों में भी। अब इन परिकलन विधियों (एल्गोरिदम) को मानकीकृत कर दिया गया है।

वैश्विक उपस्थिति और वाणिज्यिक विश्वसनीयता इस प्रणाली का भारत के अत्यंत विविध भौगोलिक क्षेत्रों में कठोर क्षेत्र-परीक्षण किया गया है–उत्तराखंड और असम के हिमालयी पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर राजस्थान के थार मरुस्थल तथा दक्कन के पठार और सिंधु-गंगा के मैदानों तक। क्षेत्रीय आंकड़ों के आधार पर मानकीकृत की गई यह प्रौद्योगिकी अब राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़ चुकी है। प्रमुख सार्वजनिक और निजी अवसंरचना कंपनियां भारत और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में 2,00,000 से अधिक रूट-किलोमीटर का मानचित्रण करने के लिए इस प्रणाली को अपना चुकी हैं, जिससे आईसीएआर के अनुसंधान पारितंत्र के लिए संसाधन जुटाने के साथ-साथ बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत भी हो रही है और भारतीय कंपनियों को आगे बढने़ तथा वैश्विक कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड, स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड सहित प्रमुख वैश्विक अवसंरचना कंपनियों ने इस समाधान को अपनाया है। केईसी इंटरनेशनल जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी, जो 100 से अधिक देशों में पारेषण लाइनों को डिजाइन और इनका निर्माण करती है, के लिए मृदा संबंधी आंकड़े वित्तीय अस्तित्व के लिए एक महत्वपूर्ण निर्धारक हैं। नींव संबंधी गतिविधियां और परियोजना जोखिम पूरी तरह से मृदा के प्रकार पर निर्भर करते हैं। ऐसे उद्योग में जहां 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व आधार पर मार्जिन में मामूली 0.1त्न की कमी भी 6 करोड़ रुपये के वार्षिक नुकसान में बदल जाती है, सटीक मृदा आसूचना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, नाइजर, रूस, केन्या, मोरक्को, मोल्दोवा, मैक्सिको, मलेशिया, अबू धाबी, नेपाल, बांग्लादेश और ट्यूनीशिया जैसे भौगोलिक रूप से जटिल देशों में पारेषण लाइन परियोजनाओं के लिए बोली लगाते समय, मृदा संबंधी आंकड़ों की कमी या वास्तसविक स्थिति का निष्प क्ष/सही प्रतिनिधित्वद न करने वाले आंकड़े लाभप्रदता को प्रभावित कर सकते हैं। आईसीएआर की प्रौद्योगिकी विश्वसनीय तृतीय-पक्ष सत्यापन प्रदान करती है, जो ग्राहकों या परियोजना प्रबंधकों द्वारा मृदा की स्थिति के संबंध में किए गए दावों की जांच के लिए एक निष्पक्ष सत्यापनकर्ता के रूप में कार्य करती है, जिससे बोली लगाने में विश्वास बढ़ता है। छोटी लागत वाली निविदाओं के मामले में, जहां समय या वित्तीय सीमाओं के कारण भौतिक सर्वेक्षण संभव नहीं होते, यह पूर्वानुमानात्मक आंकड़ा इस कमी को पूरा करता है।

**राष्ट्रीय प्रगति की प्रेरक**

इस आंकड़े और विश्लेषण की सफलता ने अवसंरचना क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों को आईसीएआर की प्रौद्योगिकी को विभिन्न व्यावसायिक इकाइयों में व्यापक रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया है, जिससे इसकी उपयोगिता विद्युत पारेषण लाइनों से आगे बढ×कर रेलवे, सौर ऊर्जा प्रतिष्ठानों और भूमिगत केबलिंग तक विस्तृत हो गई है।

## आज का राशिफल

**मेष राशि:**

आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी कार्य को पूरा करने के लिए ऑफिस में स्टाफ के साथ विचार–विमर्श कर सकते हैं। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं ऑनलाइन माध्यम से अपने बिजनेस को आगे बढ़ाएंगी, जिसमें उनको अच्छा लाभ होगा। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, आपके लेखन कार्य की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप किसी कहानी की शुरुआत भी करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन ठीक रहेगा।

**वृष राशि :**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप कारोबार में किसी बड़ी डील को फाइनल कर सकते हैं, जिसमें आपको बड़ा धन लाभ होगा। आज हर तरफ से मामलों पर आपको सकारात्मक रहना होगा। किसी समस्या पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, जिससे आपको अच्छा समाधान मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत रहेगी और आपको इनकम के नए सोर्स मिल सकते हैं। आज आप समाज के कार्यों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपको आने वाले समय में लाभ मिलेगा।

**मिथुन राशि :**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी बड़ी कंपनी में इन्वेस्ट करने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह अवश्य लें, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। आज आप सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचेंगे तो आपके काम सहजता से पूरे हो जाएंगे। आज आपकी वाणी की सरलता आपको मान–सम्मान दिलाएगी और आज आप समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे।

**कर्क राशि:**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी भी काम को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे तो आपको सकारात्मक परिणाम हासिल होंगे। आज आपको जीवनसाथी के साथ किसी समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। आज आप दोस्त के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे और कुछ काम की बात भी कर सकते हैं। आज आपका बहुत दिनों से अटका कोई काम पूरा होगा, जिससे आपको संतुष्टि प्राप्त होगी। आज नौकरी को लेकर आपकी उलझन दूर होगी, आपका काम अच्छा चलेगा।

**सिंह राशि :**

आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप किसी भी बड़े काम को करने से पहले माता–पिता और गुरु का आशीर्वाद अवश्य ले लें। आज आपको संतान के सहयोग से कारोबार को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे सब अच्छे से हो जाएगा। आज आपको निजी जीवन की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज इस राशि की महिलाएं अपने जीवन को सही दिशा देंगी, जिससे आने वाले समय में वे आत्मनिर्भर हो सकें। आज आपकी सोच दूरगामी होगी, आप कुछ ऐसा करने का प्रयास करेंगे जिससे भविष्य सुदृढ़ हो।

**कन्या राशि:**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना बनती दिख रही है। आज आप किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले लें। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप बहुत अच्छे से पूरा करेंगे। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में लगेगा, आप अधूरी पड़ी पेंटिंग को कंप्लीट करेंगे। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं, आप उन्हें अच्छे से गाइड करें ताकि वे सही और गलत में फर्क सीख सकें।

**तुला राशि:**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज कारोबार में अधिक लाभ होने के योग बन रहे हैं। आज आपको किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। आज आपके किसी रिश्तेदार से रिश्ते बेहतर होंगे, आपसी मधुरता बढ़ेगी। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं। आज इस राशि के छात्र किसी विषय को समझने के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस ले सकते हैं। कुल–मिलाकर आज सब अच्छा बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके अधिकतर काम सफल होंगे, आप धैर्य और संयम बनाए रखें। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगा। साथ ही आप पिता की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि की महिलाएं ऑफिस और घर के कार्यों को संतुलित बनाने में सफल होंगी। आज ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। आज कला और अभिनय के क्षेत्र में आपको बड़े अवसर प्राप्त होंगे, जिसके माध्यम से आप अपने करियर को सफल बनाएंगे।

**धनु राशि:**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे वह समय पर पूरा हो जाएगा। साथ ही आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे। आज आप किसी चीज को समझने के लिए अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे और उनके साथ खूब एंजॉय करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा। आज आपको किसी काम के लिए ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि:**

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। साथ ही किसी रिश्तेदार से आपको खुशखबरी मिलेगी। आज जीवनसाथी आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में अपनापन बना रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा और जरूरतमंदों की मदद भी हो जाएगी। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। आज स्वास्थ्य के लिहाज से दिन बेहतर रहेगा।

**कुंभ राशि:**

आज आपका दिन खुशहाल बना रहेगा। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी, बॉस भी आपसे खुश नजर आएंगे। साथ ही किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नए स्रोत प्राप्त होंगे। आज आपके सरकारी कार्य किसी उच्चाधिकारी के सहयोग से बन जाएंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज लंबे समय बाद किसी दोस्त से आपकी मुलाकात होगी, जिससे मिलकर आपको प्रसन्नता होगी। आज आपको किसी पारिवारिक उलझन से मुक्ति मिलेगी, जिससे आपके सिर से बहुत बड़ा बोझ हटेगा।

**मीन राशि:**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपको व्यापारिक लाभ कमाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाए रखने की जरूरत है तथा किसी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से भी बचना चाहिए। आज आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान होगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी, संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

## सू- दोकू क्र.167

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -167

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल–पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट–बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे–दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर–विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा–फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | | 8 | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | | | |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | 12 | ■ | |
| ■ | 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | | ■ | | ■ | ■ | 15 | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | 18 | 19 | | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 23 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 166 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ■ | ■ | ■ | खा | म | खाँ |
| णे | ■ | ल | ■ | झ | प | की | ■ | ■ |
| श | र | ब | त | ■ | रं | ■ | ■ | मि |
| ■ | ज | गा | ना | ■ | प | रा | का | ष्ठा |
| ■ | नी | र | ■ | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | ■ | ■ | प | ■ | ■ | य | ■ |
| म | र | णा | स | न्न | ■ | पा | नी | ■ |
| ची | ■ | ■ | प | ■ | पा | ■ | ■ | भो |
| न | ज | रा | ना | ■ | स | मा | चा | र |

## संक्षिप्त समाचार

### रानी खुर्द नगरपालिका उपाध्यक्ष चुनाव : 10-10 वोटों से टाई, लॉटरी से शैलू अग्रवाल की जीत

**चमकता राजस्थान** भरत कुमार गांधी रानी। रानी खुर्द। नगरपालिका उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मतदान में दोनों प्रत्याशियों को 10-10 वोट मिलने से स्थिति टाई हो गई। इसके बाद पालिका निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी शिवा जोशी के समक्ष नियमानुसार लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। लॉटरी में वार्ड नं. 11 की पार्षद शैलू अग्रवाल विजयी घोषित की गईं।



शैलू अग्रवाल निर्दलीय (भाजपा समर्थित) प्रत्याशी हैं और छछइ ग्रेजुएट हैं। उन्होंने पार्टी से टिकट की दावेदारी की थी, लेकिन टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरकर पहले पार्षद और अब उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। वहीं कांग्रेस समर्थित निर्दलीय जयसिंह सिसोदिया को लॉटरी में हार का सामना करना पड़ा। जीत के बाद समर्थकों ने माला पहनाकर शैलू अग्रवाल का स्वागत किया।

### समय पर मिला निशुल्क पशु उपचार, स्वस्थ हुआ पशु–परिवार की आजीविका को मिला सहारा




**चमकता राजस्थान ब्यावर।** पाटन पशु चिकित्सालय में समय पर मिले निशुल्क उपचार और चिकित्सकीय देखभाल से गंभीर रूप से बीमार पशु के स्वस्थ होने की प्रेरक कहानी सामने आई है। पशुपालक ने बताया कि उनके पशु की अचानक तबीयत बहुत अधिक खराब हो गई थी और वह गंभीर बीमारी की चपेट में आ गया था। इससे परिवार के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई। ऐसी परिस्थिति में वे तत्काल पशु को पाटन स्थित पशु चिकित्सालय लेकर पहुंचे। चिकित्सालय में पशु चिकित्सकों द्वारा तत्काल उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों ने पूरी लगन और संवेदनशीलता के साथ पशु की देखभाल की तथा समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराया। उपचार के बाद पशु पूरी तरह स्वस्थ हो गया है और अब पहले की तरह अच्छी मात्रा में दूध दे रहा है। पशुपालक ने पशु चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिले निशुल्क उपचार से उनके पशु की जान बची और परिवार की आजीविका भी फिर से पटरी पर लौट सकी।

### मंगला पशु बीमा योजना बनी पशुपालकों के लिए आर्थिक सुरक्षा का आधार




**चमकता राजस्थान रायपुर।** विकसित भारतझ्नजन सेवा अभियान-2026 के तहत पंचायत समिति रायपुर में आयोजित शिविर में पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में विभाग प्रभारी एसडीएम द्वारा पशुपालकों को मंगला पशु बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अजयपाल सिंह ने पशुपालकों को पशुधन के बीमा के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि पशु परिवार की आय का महत्वपूर्ण साधन हैं। आकस्मिक मृत्यु अथवा दुर्घटना की स्थिति में पशु बीमा पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। शिविर में श्रीमती कमला देवी, श्रीमती इन्द्रा देवी, श्रीमती सन्तोष देवी, श्रीमती सोटकी देवी एवं श्रीमती शारदा देवी को मंगला पशु बीमा पॉलिसियां प्रदान की गईं। पशुपालकों ने बताया कि पशुपालन उनके परिवार की आय का प्रमुख स्त्रोत है तथा बीमा होने से उन्हें अपने पशुधन के संबंध में आर्थिक सुरक्षा का भरोसा मिला है। इसी क्रम में श्रीमती शान्ति देवी को 4,000 रुपये का बीमा क्लेम* प्राप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि पशु की आकस्मिक क्षति की स्थिति में बीमा योजना से मिली सहायता परिवार के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक संबल बनी। शिविर में पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार सहित पशुपालन से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। पशुधन निरीक्षक श्री कुलदीप खोजा द्वारा पशुओं का टीकाकरण एवं दवा वितरण भी किया गया। मंगला पशु बीमा योजना से लाभान्वित पशुपालकों ने योजना को पशुधन की सुरक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिरता के लिए उपयोगी बताया। शिविर के दौरान अन्य पशुपालकों ने भी योजना से जुड़ने में रुचि दिखाई।

### एनएसएस से विद्यार्थियों में विकसित होती है सेवा और राष्ट्रहित की भावना : प्राचार्य

**चमकता राजस्थान दौसा।** महुवा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महुवा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम के तत्वावधान में मंगलवार को तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एनएसएस की गतिविधियों, सेवा कार्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधाकिशन मीना ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व को विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की पहचान केवल उसकी शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उसके दायित्वों के निर्वहन से भी होती है। प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, सहयोग, समर्पण, अनुशासन और राष्ट्रहित की भावना मजबूत होती है। साथ ही, विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिलता है।

# मेवाड़ के प्रसिद्ध लोकनाट्य का हो रहा मंचन, दिनभर उमड़ रही दर्शकों की भीड़

## जीवन्द कलां में गवरी की गूंज, प्राचीन परंपरा को जीवंत रख रहे कलाकार

**चमकता राजस्थान**

जीवन्द कलां। मेवाड़ की सदियों पुरानी लोक संस्कृति और धार्मिक परंपरा को जीवंत रखने वाला प्रसिद्ध गवरी लोकनृत्य एवं लोकनाट्य इन दिनों अरावली क्षेत्र के जीवन्द कलां गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गवरी के मंचन को देखने के लिए दिनभर बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, नृत्य और पौराणिक प्रसंगों की प्रस्तुति दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है।

जीवन्द कलां ढाणी के ग्रामीणों की ओर से मां खेड़ा माता मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष गवरी का आयोजन कराया जाता है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को ग्रामीण पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। गवरी के दौरान कलाकार नृत्य, संवाद और अभिनय के माध्यम से धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों को प्रस्तुत करते हैं, जिससे नई पीढ़ी को भी अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।



- **40 दिनों का कठिन संयम, तभी मंच पर उतरते हैं कलाकार**

गवरी केवल मनोरंजन का लोकनाट्य नहीं, बल्कि कलाकारों के लिए एक कठिन धार्मिक अनुष्ठान भी माना जाता है। गवरी में भाग लेने वाले कलाकार करीब 40 दिनों तक कड़े संयम और नियमों का पालन करते हैं। इस अवधि में वे नंगे पैर रहते हैं, जमीन पर सोते हैं और सात्विक भोजन करते हैं। कलाकारों द्वारा मांसाहार, शराब सहित कई प्रकार के खान-पान का त्याग किया जाता है। इस दौरान ब्रह्मचर्य का पालन भी किया जाता है।

- **शिव और भस्मासुर की कथा से जुड़ा लोकनाट्य**

गवरी को राजस्थान के मेवाड़ और वागड़ क्षेत्र के भील समुदाय की प्राचीन लोकनाट्य परंपरा माना जाता है। इसके विभिन्न प्रसंगों में पौराणिक कथाओं और लोकजीवन से जुड़े पात्रों को नृत्य, अभिनय और संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। गवरी के प्रमुख कथानकों में भगवान शिव से जुड़े प्रसंग तथा भस्मासुर की कथा विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहती है।

- **महिला पात्रों की भूमिका भी निभाते हैं पुरुष कलाकार**

गवरी की एक खास परंपरा यह भी है कि इसमें महिला कलाकारों के स्थान पर पुरुष कलाकार ही महिला पात्रों का अभिनय करते हैं। कलाकार रंग-बिरंगे श्रृंगार और पारंपरिक वेशभूषा में राई माता, पार्वती सहित महिला पात्रों की भूमिका निभाते हैं। ढोल, लोकधुनों और पारंपरिक नृत्य के बीच कलाकारों की प्रस्तुति वातावरण को पूरी तरह लोक रंग में रंग देती है। गांव में गवरी के मंचन के दौरान मंदिर प्रांगण में लोगों की भीड़ और कलाकारों की प्रस्तुतियों से माहौल उत्सवमय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी परंपराएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति, आस्था और पुरखों से मिली विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। इसी कारण जीवन्द कलां ढाणी में वर्षों से गवरी के आयोजन की परंपरा लगातार जारी है।

## फर्जी बैंक खाते और सिम उपलब्ध कराने वाली अंतरराज्यीय साइबर गैंग का पर्दाफाश, 15 गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

डीग। पुलिस अधीक्षक डीग शशरण गोपीनाथ के. आईपीएस के निर्देशन में साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन काउण्टडाउन' के तहत कैथवाड़ा थाना पुलिस एवं जिला डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फर्जी बैंक खाते और फर्जी सिम कार्ड साइबर ठगों को उपलब्ध कराने वाली अंतरराज्यीय गैंग के सरगना सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित पुत्र सुरेन्द्र कुमार, इरशाद पुत्र मुबीन, शिवम नामदेव पुत्र रामकिंकर नामदेव, अंकित पाल पुत्र नेत्रपाल, रफीक पुत्र हमीद, नरेन्द्र कुमार उर्फ बागड़ी पुत्र हनूमाना राम, आशीष पुत्र जिलेसिंह, सारूख पुत्र सहजाद, हर्ष शर्मा पुत्र बबलू, अंकुश सक्सेना पुत्र सूर्यप्रकाश सक्सेना, साकिफ पुत्र यूनुस, राजकुमार पुत्र सुरेश कुमार, परवेज खान पुत्र भूरू खान, हजरत बिलाल पुत्र हक्कू तथा मुस्तुफा खान पुत्र जाकर शामिल हैं। इनमें अंकुश सक्सेना सिम पीओएस तथा राजकुमार बैंकर बताया गया है।




पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 मोबाइल फोन, 27 सिम कार्ड, 54 अन्य सिम कार्ड, 37 खाली सिम रेपर, एक लैपटॉप, 10 एटीएम कार्ड, 6 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक और एक फर्जी आधार कार्ड जब्त किया है। इसके साथ ही साइबर ठगी की राशि से खरीदी गई एक स्कॉर्पियो, एक थार, एक क्रेटा और एक बुलेट मोटरसाइकिल तथा 85,600 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास 200 से अधिक म्यूल अकाउंट का रिकॉर्ड मिला है। एनसीआरपी पोर्टल पर आरोपियों के विरुद्ध 287 फ्रॉड संबंधी शिकायतें दर्ज मिली हैं, जिनमें करीब 28 करोड़ रुपये की साइबर ठगी होना पाया गया है। पुलिस के अनुसार गैंग अब तक राजस्थान और हरियाणा के साइबर ठगों को करीब 500 बैंक खाते और 1,500 फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध करा चुकी है।

## ग्राम सेवा कार्यक्रम से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा, नंदपुरा में एसबीआई फाउंडेशन ने की पहल

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण धौलपुर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएसआर शाखा एसबीआई फाउंडेशन ने धौलपुर जिले के सैपऊ ब्लॉक के नंदपुरा गांव में अपने प्रमुख ग्रामीण विकास कार्यक्रम 'ग्राम सेवा' की औपचारिक शुरुआत की।परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना है। इसे मंजरी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ स्वपन धर, मंजरी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर संजय कुमार, पंचायत प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर नंदपुरा में 'ग्राम सेवा केंद्र' का उद्घाटन किया गया। केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को डिजिटल एवं सामुदायिक सेवाओं तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बहरावती को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। यहां स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और छात्राओं के लिए कॉमन रूम जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। नंदपुरा में 'मेजर शैतान सिंह यूथ ट्रेनिंग सेंटर' का भी शुभारंभ हुआ। केंद्र में युवाओं के शैक्षणिक एवं शारीरिक विकास के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। समारोह में 'संजीवनी' हेल्थकेयर एम्बुलेंस, 'शालिहोत्र एक्सप्रेस' मोबाइल वेटेरिनरी यूनिट और 'स्वच्छता साथी' कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वपन धर ने कहा कि 'ग्राम सेवा' ग्रामीण भारत के प्रति एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। और इन पहलों से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। संजय कुमार ने एसबीआई फाउंडेशन का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं साइकिल वितरित की गईं। इस अवसर पर चीफ मैनेजर डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव, ब्रांच मैनेजर भारती अग्रवाल, सरपंच फतेह सिंह, अमर सिंह, शिक्षक श्रीराम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।




## मुंब्रा देवी कॉलोनी संगठन के गणेशोत्सव में भक्ति के साथ सेवाभाव; पांचवें वर्ष में विभिन्न सामाजिक उपक्रमों की पहल

### मुफ्त नेत्र जांच शिविर, भजन संध्या और महाप्रसादी का आयोजन; राजनीति से दूर रहकर समाजसेवा को प्राथमिकता

**चमकता राजस्थान**

दिवा : दिवा शहर के मुंब्रा देवी कॉलोनी परिसर में मुंब्रा देवी कॉलोनी संगठन की ओर से इस वर्ष पांचवां सार्वजनिक गणेशोत्सव बड़े उत्साह और भक्तिमय वातावरण में मनाया जा रहा है। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का आयोजन किए जाने से इस गणेशोत्सव में भक्ति के साथ सेवाभाव भी देखने को मिल रहा है। इस गणेशोत्सव की विशेषता यह है कि संगठन द्वारा राजनीति से दूर रहकर सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा है। वर्षभर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले संगठन की ओर से गणेशोत्सव के दौरान भी नागरिकों के हित से जुड़े उपक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



गणेशोत्सव के अवसर पर शाम के समय मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा नागरिकों की आंखों की जांच की जा रही है। साथ ही मोतियाबिंद और अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

वहीं, प्रतिदिन शाम को भजन मंडलों द्वारा भजन एवं भक्तिगीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो रहा है। उत्सव के विशेष दिन श्रद्धालुओं के लिए भव्य महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक और श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

उत्सव का आयोजन सुचारू रूप से हो, इसके लिए महिला और पुरुषों की अलग-अलग समितियां कार्यरत हैं। पुरुष समिति द्वारा सुरक्षा एवं बाहरी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली जा रही है, जबकि महिला समिति द्वारा पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नैवेद्य और महाप्रसादी की व्यवस्था की जा रही है।

### 70वें जिला स्तरीय खेलकूदः जाम्बा के आर्यन सियाग ने बॉक्सिग में जीता गोल्ड मेडल, 64 टीमों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में हुए चयनित



**चमकता राजस्थान** फलोदी / जाम्बा - सियाराम विश्नोई श्री समराथल शिक्षण संस्थान, खारा (फलोदी) में आयोजित 70वें जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता (वर्ष 2026-27) में जाम्बा के युवा खिलाड़ी आर्यन सियाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज कर उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 64 टीमों के कड़े मुकाबले में लहराया परचम इस प्रतिष्ठित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया था। दिनांक 20 व 21 सितंबर 2026 को खेले गए फाइनल मुकाबलों में, राजकीय आदर्श सीनियर सेकेंडरी विद्यालय - जाम्बा की ढाणी (जाम्बा) के 9वीं कक्षा के छात्र, श्री तुलछाराम सियाग के पुत्र आर्यन सियाग ने 14-वर्षीय आयु वर्ग की बॉक्सिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) हासिल किया। 'बेस्ट बॉक्सर' के रूप में हुआ चयन प्रतियोगिता में शामिल 64 टीमों के सैकड़ों खिलाड़ियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर जाम्बा की ढाणी से कुल 4 खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें आर्यन सियाग का नाम प्रमुख रहा। आयोजकों द्वारा आर्यन को उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 'बेस्ट बॉक्सर' के खिताब और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत आर्यन सियाग की इस शानदार सफलता और 'बेस्ट बॉक्सर' के रूप में चयन की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव जाम्बा में जश्न का माहौल बन गया। गांव लौटने पर ग्रामीणों, परिजनों और इष्ट-मित्रों ने युवा खिलाड़ी आर्यन सियाग का साफा बंधाकर और माल्यार्पण कर अत्यंत गर्मजोशी व भव्य स्वागत किया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

### वुशु प्रतियोगिता में मानसी सामरिया ने जीता स्वर्ण पदक

- **राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ब्यावर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी मानसी**

**चमकता राजस्थान ब्यावर।** 70वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता अंडर-17/19 वर्ष का आयोजन केशव इंटरनेशनल स्कूल, बिजयनगर में हुआ। प्रतियोगिता में गुरूदीप अकेडमी की प्रतिभावान छात्रा कुमारी मानसी सामरिया पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुमारी मानसी ने फाइनल मुकाबले में सेन्दड़ा की छात्रा को पराजित कर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से गुरूदीप अकेडमी एवं ब्यावर जिले का गौरव बढ़ा है। स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही कुमारी मानसी सामरिया का चयन श्री गंगानगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे ब्यावर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। मानसी की इस उपलब्धि पर गुरूदीप अकेडमी के शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



### 86 होमगार्ड स्वयंसेवकों का 35 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण सम्पन्न

**चमकता राजस्थान दौसा।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र दौसा में होमगार्ड के नवीन बैच के 35 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण का मंगलवार को पुलिस लाइन दौसा में आयोजित समारोह के साथ समापन हुआ। समारोह जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित आईपीएस की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा आरपीएस सहित पुलिस एवं गृह रक्षा विभाग के अधिकारी और प्रशिक्षक मौजूद रहे। प्रशिक्षण में 21 महिला और 65 पुरुष सहित कुल 86 स्वयंसेवकों ने गृह रक्षा निदेशालय, राजस्थान के निर्देशानुसार आउटडोर एवं इनडोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

संक्षिप्त समाचार

## मज़ार शरीफ को गुस्ल देने की रस्म के साथ सालाना उर्स शुरू

**चमकता राजस्थान** नागौर जिला मुख्यालय मे सैयद सैफुद्दीन जीलानी ए रोड पर स्थित बड़े पीर साहब की दरगाह का सालाना छह दिवसीय उर्स जश्ने ग्यारवी शरीफ की शुरुआत आज 23 सितम्बर बुधवार को सुबह चार बजे मज़ार शरीफ को ×गुस्ल देने की रस्म के साथ हो गई। दरगाह के सज्जादा नशीन सैयद सदाकत अली जीलानी ने बताया की मज़ार शरीफ को ×गुस्ल उनके व उनके पुत्र सैयद सैफुद्दीन जीलानी के द्वारा दिया गया।।



दरगाह के नायब सज्जादा नशीन सैयद सैफुद्दीन जीलानी ने बताया इसी दिन शाम पाँच बजे परचम कुशाई की रस्म सज्जादा नशीन के द्वारा अदा की गई और इस परचम कुशाई के बाद कौम कलंदरी जमात की और से चादर पेश हुवी। जीलानी ने ये भी बताया की रात बाद नमाज़ इशाँ तकरीर का कार्यक्रम हुवा जिसमे शाहजानी मस्जिद के ईमाम कारी सगीर अहमद ने गौसे आज़म की शान मे तकरीर पैश की। कल गुरुवार 24 सितम्बर को ग्यारहवी शरीफ मनाई जाएगी।

## राजमहल में राम रेवाड़ी की भव्य आरती, नगर में निकली शोभायात्रा



**चमकता राजस्थान धरियावद।** राजमहल ठा. सा. भानु प्रताप सिंह जी राणावत सपरिवार द्वारा राजमहल परिसर में राम रेवाड़ी के अवसर पर भव्य आरती एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और आरती एवं प्रसाद का लाभ लिया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठाकुर जी को राजमहल में विराजमान कर धार्मिक आयोजन किया गया। विशेष रूप से इस वर्ष राजमहल से पहली बार भव्य राम रेवाड़ी नगर में निकाली गई। राम रेवाड़ी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कर्मोचनी नदी पहुंची, जहां विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना की गई।

पूजा-अर्चना के पश्चात राम रेवाड़ी पुनः नगर से होती हुई राजमहल पहुंची। राजमहल में ठा. सा. भानु प्रताप सिंह राणावत चंद्रिका बाईसा राजश्री बाईसा एवं ठा. पुखराज सिंह राणावत बिल्लू बना बावड़ी वाले लवी बना राज बना सह परिवार द्वारा ठाकुर जी की पूजा-अर्चना कर आरती की गई तथा भक्तगणों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी से धरियावद नगर एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## अग्निशमन द्वितीय अधिकारियों ने आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण कर एसएसपी से की शिष्टाचार भेंट



**चमकता राजस्थान देहरादून** ।(दीपक शर्मा बामनवास) एसएसपी देहरादून द्वारा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी साक्षी रावत, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी रंजन भट्ट,अग्निशमन द्वितीय अधिकारी मनमोहन को पद बैच से अलंकृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की
साथ ही भविष्य में पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए किया प्रेरित
आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण अकादमी भुवनेश्वर उडीसा में सम्पन्न हुआ था सभी अग्निशमन द्वितीय अधिकारियों का छ माह का आधारभूत प्रशिक्षण पूर्ण हुआ।

## पीपाड़ः भाजपा की पुष्पा तिवाड़ी निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गईं

**चमकता राजस्थान** पीपाड़ (जोधपुर) पीपाड़ शहर नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार पुष्पा तिवाड़ी को निर्विरोध चुना गया है।



जानकारी के अनुसार, उपाध्यक्ष पद के लिए सबसे पहले कांग्रेस के बक्साराम कडेला ने नामांकन फॉर्म भरा था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया। जिसके चलते भाजपा उम्मीदवार पुष्पा तिवाड़ी को निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित कर दिया गया।

यह जीत भाजपा के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि हाल ही में हुए अध्यक्ष पद के चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# नागौर जिले के सभी नौ नगरीय निकायों में चेयरपर्सन के परिणाम घोषित

**चमकता राजस्थान**

नागौर जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में चेयरपर्सन पद के लिए हुए चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणाम के अनुसार नागौर नगर परिषद में संतोष टाक, मेड़ता सिटी में कंचन देवी सांखला, मेड़ता रोड में तुलसी देवी, जायल में कमलेश, डेगाना में राधाकिशन, बासनी मे शौकत अली, कुचेरा में तेजपाल, मूंडवा में की अलका कंदोई तथा रियाबड़ी में सुनील कुमार चौहान ने चेयरपर्सन पद पर जीत हासिल की।



**● नागौर नगर परिषद**

नागौर नगर परिषद में कुल 60 मत पड़े। इनमे संतोष टाक को 55 तथा दीपक सैनी को 5 मत मिले। इस प्रकार संतोष टाक ने 50 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वही दूसरे दिन उपसभापति के चुनाव

**नागौर नगर परिषद उपसभापति पद पर मोहम्मद शरीफ कुरैशी विजयी**

नागौर। नागौर नगर परिषद के उपसभापति पद के लिए मंगलवार को मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। नगर परिषद के सभी 60 पार्षदों ने मतदान किया। मतदान के बाद मतगणना में मोहम्मद शरीफ कुरैशी को 32 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी शिवकुमार राव मीकू राव को 27 मत मिले। एक मत खारिज हुआ। इस प्रकार मोहम्मद शरीफ कुरैशी ने 5 मतों के अंतर से जीत दर्ज कर नागौर नगर परिषद के उपसभापति पद पर कब्जा जमाया। मतदान के दौरान पार्षदों के बीच क्रॉस वोटिंग की भी चर्चा रही। अंतिम दो पार्षदों मनोहर सिंह और गोविंद कड़वा के मतदान के लिए पहुंचने के बाद मतदान प्रक्रिया पूरी हुई और इसके बाद मतगणना शुरू की गई।

उपसभापति चुनाव के परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर परिषद परिसर के आसपास समर्थकों की भीड़ रही। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद विजेता मोहम्मद शरीफ कुरैशी की जीत की घोषणा की।

# जलझूलनी एकादशी पर नगर भ्रमण पर निकले लक्ष्मण जी महाराज

## नगरवासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उतारी आरती

**चमकता राजस्थान**

डीग। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर मंगलवार को शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर से शेषनाग अवतार लक्ष्मण जी महाराज नगर भ्रमण के लिए निकले।

इस दौरान साज सज्जा के साथ तैयार रथ पर विराजमान भगवान शेषनाग लक्ष्मण जी महाराज शहर के मुख्य बाजार ,घन्टाघर, लोहा मंडी,पुरानी डीग, गोवर्धन गेट,किला गेट,पुराना बस स्टैंड होते हुए जल पूजन के लिए रुपेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचे ।जहां पर मंदिर मंहत व भक्तों ने भगवान की आरती उतारकर पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात भगवान लक्ष्मण जी महाराज रुप सागर की बुर्ज पर भगवान ने जल वरुण देवता का पूजन किया ।तथा गणेश मंदिर,पुरानी अनाज मंडी होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे ।जहां भक्तों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर जगह जगह आरती उतारी गई।



लक्ष्मण मंदिर के मंहत पंडित मुरारी लाल पाराशर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जलझूलनी एकादशी पर भगवान लक्ष्मण जी महाराज नगर भ्रमण पर निकले।


पाराशर ने बताया कि कृष्ण जन्म के अठारहवें दिन माता यशोदा ने उनका जल पूजन किया था।इसी दिन को डोल ग्यारस के रुप में भी मनाया जाता है।जलवा पूजन के बाद ही संस्कारों की शुरुआत होती है।शुक्ल कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को चन्द्रमा की ग्यारह कलाओं कलाओं का प्रभाव जीवों पर पड़ता है।इसके फलस्वरूप शरीर की स्थिति और मन की चंचलता स्वाभाविक रुप से बढ़ जाती है।इसी कारण उपवास द्वारा शरीर को संभालना और ईष्ट पूजा मन को नियंत्रण में रखना एकादशी व्रत विधान है।

# खरनाल मेले में स्टंटबाजी पर नागौर पुलिस की कार्रवाई, पांच वाहन जब्त

**चमकता राजस्थान**

नागौर। वीर तेजाजी महाराज के खरनाल मेले एवं साइकिल दौड़ के दौरान वाहनों से स्टंटबाजी कर मानव जीवन को खतरे में डालने के मामले में नागौर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक श्री आशा राम चौधरी के निर्देशन में थाना सदर नागौर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल पांच वाहनों को जब्त किया।

पुलिस के अनुसार मेले एवं साइकिल दौड़ के दौरान कुछ वाहन चालकों द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा स्टंटबाजी करने की जानकारी सामने आई। इससे सड़क पर मौजूद लोगों एवं अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा था। इस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से दो डीजे साउंड लगी पिकअप वाहन, एक बोलेरो कैंपर, एक क्रेटा कार तथा एक बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त किया।



पुलिस ने बताया कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस की ओर से वाहन चालकों से अपील की गई कि सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की स्टंटबाजी या लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन नहीं करें। यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं तथा अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि मानव जीवन को खतरे में डालने वाली गतिविधियों के खिलाफ आगे भी नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# रणजीत सिंह सोडाला ने की तोड़फोड़ रोकने, मुआवजा, वैकल्पिक व्यापारिक व्यवस्था और पुनर्वास की मांग

## न्यू सांगानेर रोड चौड़ीकरण के विरोध में व्यापारी लामबंद, 500 दुकानें बंद





**चमकता राजस्थान**

जयपुर। न्यू सांगानेर रोड पर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में मंगलवार को व्यापारी सड़कों पर उतर आए। न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के आ’’ान पर सोडाला तिराहे से गुर्जर की थड़ी तक करीब 500 दुकानें बंद रहीं।

व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर जेडीए की कार्रवाई के खिलाफ आक्रोश जताया। सोडाला तिराहे से शुरू हुआ पैदल मार्च विवेक विहार मेट्रो स्टेशन तक पहुंचा, जिसमें सैकड़ों व्यापारी शामिल हुए।

इसके बाद कलकत्ता मैरिज गार्डन में आयोजित सभा में व्यापारियों ने कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन आजीविका उजाड़कर विकास मंजूर नहीं है।

व्यापारियों ने एसीपी सोडाला एवं मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दीपावली से पहले जेडीए की तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकने, प्रभावित दुकानदारों को उचित मुआवजा देने, वैकल्पिक व्यापारिक व्यवस्था उपलब्ध कराने और पुनर्वास की मांग की गई।

**● ‘जयपुर बंद’ की चेतावनी**

व्यापार मंडल के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि कार्रवाई हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत हो रही है। व्यापारी कानून का सम्मान करते हैं, लेकिन प्रशासन को दुकानदारों के रोजगार और पुनर्वास का समाधान निकालना चाहिए।

जयपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सांचौरा भी धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों को समर्थन दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने ठोस समाधान नहीं निकाला तो पूरे जयपुर के बाजार बंद करवाए जाएंगे।

## जायडेक्स ने पेश की 145 साल पुरानी सिलिकेट पेंट तकनीक




**चमकता राजस्थान जयपुर।** नोवोटेल जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 23वें 'आर्केसिया फोरम 2026' में आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री का बड़ा संगम देखने को मिला। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स द्वा-रा आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 24 एशियाई देशों के 3,000 से अधिक प्रमुख वास्तुकार (आर्किटेक्ट्स) जुटे। इस फोरम में जायडेक्स ग्रुप की इकाई 'जायडेक्स पेंट्स एंड वॉटरप्रूफिंग' ने सिल्वर स्पॉन्सर के तौर पर शिरकत की और वास्तुकला को दीर्घकालिक स्थायित्व देने वाली अपनी 145 साल पुरानी ऐतिहासिक सिलिकेट मिनरल पेंट तकनीक का प्रदर्शन किया। जायडेक्स पेंट्स एंड वॉटरप्रूफिंग के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) अमरेंद्र मिश्रा ने कहा, ₹भारतीय पेंट उद्योग में अब तक केवल रंग और चमक पर ही अधिक जोर दिया जाता रहा है। लेकिन आज जलवायु परिवर्तन के दौर में इमारतों के टिकाऊपन और सुरक्षा पर केंद्रित होना अनिवार्य है। सिलिकेट मिनरल केमिस्ट्री अग्रभाग के जीवनकाल को काफी बढ़ा देती है, जिससे भवनों को लंबे समय तक बार-बार मरम्मत व रखरखाव की चिंता से मुक्ति मिलती है।₹ कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए आर्केशिया 2026 के प्रेसिडेंट इलेक्ट, आर्किटेक्ट तुषार सोगानी ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मंच स्थानीय निर्माण सामग्री, पारंपरिक ज्ञान और जलवायु-अनुकूल प्राथमिकताओं को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ने का एक साझा प्रयास है, जिससे एशियाई वास्तुकला को वैश्विक स्तर पर मजबूती मिलेगी।

## जनता ने जो विश्वास जताया है, उसे विकास के जरिए पूरा करने का प्रयास करूंगा : मुकेश सिंघल




**चमकता राजस्थान** धौलपुर संवाददाताः रामदास तरुण बाड़ी। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद नवनिर्वाचित चेयरमैन मुकेश सिंघल ने बाड़ी शहर की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, वह मे-रे लिए बड़ी जिम्मेदारी है। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए में पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगा। मुके-श सिंघल ने कहा कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना, जलभराव की समस्या का समाधान करना तथा अन्य मूलभूत समस्याओं का निराकरण मेरी प्राथमिकताओं में रहेगी । इन समस्याओं पर ध्यान देने के बाद शहर के विकास से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाड़ी के विकास के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्य करने का प्रयास रहेगा। आमजन की समस्याओं को समझकर उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से बाड़ी के विकास को गति दी जा सकती है।

## धरियावद नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड

**● चेयरमैन के बाद अब वाइस चेयरमैन पद पर भी राणावत....**

**चमकता राजस्थान** धरियावद। नगर पालिका चुनाव के बाद धरियावद नगर पालिका में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बना है। चेयरमैन पद पर रेखा चौधरी के निर्वाचित होने के बाद अब वाइस चेयरमैन पद पर भुवन प्रताप सिंह राणावत के निर्वाचित होने से नगर पालिका के चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन दोनों पद भाजपा के खाते में आ गए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने दोनों पदों पर जीत के बाद खुशी जताते हुए नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन को बधाई दी।इस अवसर पर कुंवर भूपेंद्र सिंह राणावत पूर्व प्रधान कन्हैयालाल नरेंद्र पाल सिंह राणावत वर्तमान चेयर मेन रेखा चौधरी पूर्व प्रधान हकरी देवी पूर्व सरपंच शोबीत हाडा बाबु भाई विजयवर्गी विनोद पटवा सहित मित्रगण सहित सेकड़ो कि तादाद मे इकत्रित होकर कार्यालय से हनुमान मंदिर दर्शन हेतु पहुचे



# राजीव अरोड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया - स्नेह मिलन बना सामाजिक समरसता का प्रतीक






**चमकता राजस्थान**

जयपुर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम एवं राजस्थान लघु उद्योग निगम के पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा का जन्मदिन मंगलवार को जयपुर में धूमधाम से मनाया गया।
इस अवसर पर सद्भावना के सिपाही संगठन की ओर से स्नेह मिलन समारोह का आयोजन श्री दादू मैरिज गार्डन (रुद्र पार्क), श्री गणेश मंदिर के पास, मोतीडूंगरी, जयपुर में किया गया। समारोह में राजीव अरोड़ा के समर्थकों, शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।
आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में माला, फूल अथवा किसी भी प्रकार के उपहार स्वीकार नहीं किए गए। आयोजन का उद्देश्य केवल स्नेह एवं सद्भावना के साथ जन्मदिन का उत्सव मनाना रहा।
आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धूमधाम से आयोजित स्नेह मिलन समारोह सिर्फ जन्मदिन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से विभिन्न वर्गों, विचारों और पीढ़ियों के लोग एक मंच पर आते हैं, आपसी संवाद बढ़ता है और समाज में प्रेम, एकता व सद्भावना का संदेश जाता है। कार्यक्रम में पूर्व शहर अध्यक्ष आर.आर. तिवाड़ी, उद्योगपति बिल्डर गोपाल गुप्ता, सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी कुलाधिपति राजीव जैन, जयपुर शहर के हाल ही में निर्वाचित अनेक पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जयपुर शहर कांग्रेस के अनेकों निवर्तमान पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन सद्भावना के सिपाही संगठन, टीम राजीव अरोड़ा मालवीय नगर की ओर से किया गया।
वहीं एक अन्य कार्यक्रम शहर की विख्यात मालवीय कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**फूल-मालाओं से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प**

आयोजकों ने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर प्राप्त फूल-मालाओं को फेंकने के बजाय बोकर पुनः चक्रीकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की जाएगी।
पुनः चक्रीकरण से तीन बड़े लाभ होंगे - पहला, फूलों के कचरे से जैविक खाद बनेगी जिससे भूमि की उर्वरता बढ़ेगी, दूसरा, फूलों से पर्यावरण में सुगंध और हरियाली को बढ़ावा मिलेगा, और तीसरा, इससे लोगों में कचरे को संसाधन समझने की जागरूकता आएगी जो स्वच्छ जयपुर, हरित जयपुर के लक्ष्य को साकार करेगी।

## जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में साक्षी सामरिया ने जीता स्वर्ण पदक

- **57 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई**



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** ब्यावर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-17/19 में गुरूदीप अकेडमी की छात्रा कुमारी साक्षी सामरिया पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।
प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में साक्षी सामरिया ने सारोठ की छात्रा को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से गुरूदीप अकेडमी सहित ब्यावर जिले का गौरव बढ़ा है।
साक्षी सामरिया अब भरतपुर जिले की डीग तहसील में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में ब्यावर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय, गुरूदीप अकेडमी के प्रशिक्षकों, परिजनों एवं खेलप्रेमियों ने बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## नर्सेज एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन एवं अधीक्षक से वार्ता



**चमकता राजस्थान/जोधपुर।** चंद्रप्रकाश मेघवाल, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर के अध्यक्ष जगदीश जाट के नेतृत्व में नर्सिंग आफिसर ने अपनी प्रमुख मांगों के लिये आंदोलन की रणनीति तैयार की है । विभिन्न माँगों जिनमे केयर टेकर के कार्य एवं जिम्मेदारियों में स्पष्टता, एसोसिएशन के कार्यालय का आवंटन, सफाई कर्मचारियों, हेल्पर, गार्ड एवं स्वीपर कर्मचारियों की उपलब्धता, उनकी उपस्थिति में पारदर्शिता एवं सत्यापन,, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कई मांगें शामिल थी, के लिये अधीक्षक कार्यालय पर पहले विरोध प्रदर्शन किया एवं नारेबाजी की फिर अधीक्षक डा मोहन मकवाना से वार्ता की।
एसोसिएशन ने प्रशासन द्वारा मांगों पर सुनवाई करने एवं आज ही आदेश पारित करने पर आगे का विरोध प्रदर्शन स्थगित कर दिया है । सभी माँगों पर सकारात्मक कार्रवाई एवं लिखित सहमति दिए जाने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया है। इसके लिये अधीक्षक का धन्यवाद व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि सहमति के अनुसार सभी समस्याओं को हल करते हुए मांगो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा।
इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया, संरक्षक रामेश्वर टाक, महासचिव बसंत रोयल, उम्मेद अस्पताल संयोजक महेंद्र ढींढ़ा, उप संयोजक दीनू जोशी, मथुरादास माथुर अस्पताल संयोजक प्रियतम चौहान, महात्मा गांधी अस्पताल संयोजक प्रभा नेगी, कमला नेहरू अस्पताल संयोजक जितेन्द्र बड़वाल, उपाध्यक्ष बीनू गुप्ता, सचिव घमंडाराम, नरेन्द्र प्रजापत, लीला भाटी, अफरोज शेख, मनीष राजपुरोहित, जीतू कछवाहा, नागेन्द्र गौतम , संजय शर्मा,शहाबुद्दीन सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## लेटा में तालाब में डूबने से 17 वर्षीय बालक की मौत

- **गणपति विसर्जन के बाद नारियल लेने गया था बालक**



**चमकता राजस्थान/जालौर।** जालौर के निकट लेटा गांव में तालाब में डूबने से 17 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र कोयराम चौधरी, निवासी लेटा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गणपति विसर्जन के बाद प्रवीण कुमार तालाब के पास पड़े नारियल को लेने गया था। इसी दौरान वह अचानक तालाब में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। टीम के गोताखोर छगनलाल एवं मुकेश ने तलाश कर बालक को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल जालौर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

### मानव सेवा अपना घर आश्रम में 36 प्रभुजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं काउंसलिंग

## मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत बिजयनगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**चमकता राजस्थान**

ब्यावर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 10 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2026 तक मानसिक स्वास्थ्य माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मानव सेवा अपना घर आश्रम, बिजयनगर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।
शिविर में जिला नोडल अधिकारी एवं मनोरोग चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध भार्गव, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर ने आश्रम में निवासरत 36 प्रभुजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक जांच की। इस दौरान प्रभुजनों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी संवाद करते हुए उनकी काउंसलिंग भी की गई।

- **तनाव और अवसाद के प्रति जागरूकता जरूरी**

डॉ. भार्गव ने शिविर में उपस्थित प्रभुजनों को तनाव, चिंता एवं अवसाद से बचाव तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार तनाव एवं चिंता व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। समय रहते लक्षणों की पहचान कर उचित परामर्श एवं उपचार प्राप्त करना आवश्यक है।
उन्होंने आश्रम के प्रबंधन से सेवा, संवेदना, स्वास्थ्य परीक्षण, खान-पान, रहन-सहन एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। आश्रम में निवासरत मानसिक रोगियों के उपचार के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था मानव सेवा अपना घर आश्रम एवं उप जिला चिकित्सालय, बिजयनगर के माध्यम से की जा रही है।

- **व्यवस्थाओं का किया अवलोकन**

मानसिक स्वास्थ्य शिविर के दौरान डॉ. भार्गव ने आश्रम में प्रभुजनों के लिए उपलब्ध रहन-सहन, खान-पान एवं देखभाल संबंधी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। आश्रम प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए इन्हें नियमित रूप से उपलब्ध कराने का आग्रह किया।
इस अवसर पर डॉ. भार्गव ने उप जिला चिकित्सालय, बिजयनगर के चिकित्सा अधिकारियों एवं चिकित्सा कार्मिकों को मानसिक स्वास्थ्य माह के दौरान आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा जरूरतमंद लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए संवेदनशील एवं सक्रिय भूमिका निभाने हेतु सेंसिटाइज किया।
मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत जिले में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने तथा जरूरतमंदों को समय पर परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जमुई कांड के बाद दिल्ली भी शर्मसार, कालकाजी मंदिर के पास नाबालिग से गैंगरेप

**नयी दिल्ली।**

बिहार के जमुई में हुई एक बेहद शर्मनाक घटना के बाद अब दिल्ली में कालकाजी मंदिर के पास आस्था कुंज पार्क में 3 लोगों द्वारा खुद को पुलिसकर्मी बताकर 17 वर्षीय लड़की से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। पीड़िता मंदिर में दर्शन के बाद अपने एक दोस्त के साथ पार्क में बैठी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय नाबालिग से कथित गैंगरेप के मामले में एक आरोपी असिफ को मंगलवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ की टीम ने अमर कॉलोनी स्थित डीएम ऑफिस रोड के पास उसे घेरने की




कोशिश की। पुलिस का दावा है कि घिरने के बाद असिफ ने पुलिस टीम पर तीन गोलियां चलाईं। एक गोली हेड कॉन्स्टेबल राजेश की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिसकर्मी ने दो गोलियां चलाईं, जिसमें एक गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगी। घायल असिफ को इलाज के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और बाइक बरामद हुई है। पुलिस इस मामले में आगे जांच के साथ ही दो और आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। डीसीपी विनीत कुमार ने बताया कि सोमवार रात करीब 8:45 बजे नाबालिग से दुष्कर्म की सूचना पीसीआर को मिली थी। अमर कॉलोनी थाना पुलिस आस्था कुंज पार्क पहुंची, जहां पीड़िता अपने पुरुष मित्र के साथ मिली। पीड़िता के बयान के अनुसार, वह अपने दोस्त के साथ कालकाजी मंदिर में दर्शन करने गई थी। इसके बाद दोनों गेट नंबर 7 से आस्था कुंज पार्क में पहुंचे। वहां तीन युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और उसे दोस्त से अलग कर सुनसान स्थान पर ले गए। आरोप है कि असिफ ने हथियार और चाकू दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके दो साथियों ने भी कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़िता और उसके दोस्त को धमकाया। पीड़िता का एम्स में मेडिकल कराया गया। क्राइम टीम और एफएसएल ने घटनास्थल की जांच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। अमर कॉलोनी थाने में एफआईआर संख्या 354/26 दर्ज की गई है। इसमें बीएनएस की धारा 70(2), 61(2), 115(2), 351(3) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6/17 लगाई गई हैं।

## भारत को सजा देना गलत...

### रुसी तेल की खरीद पर अमेरिका को जेपी मॉर्गन का कड़ा संदेश

**नयी दिल्ली।**

डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026' नाम के एक बेहद कड़े कानून पर हस्ताक्षर किए हैं, जो अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से सबसे ज्यादा तेल और गैस खरीदने वाले शीर्ष 5 देशों पर 100% तक भारी टैरिफ लगाने का अधिकार देता है. चूंकि भारत और चीन दोनों ही रूस से तेल के सबसे बड़े खरीदार हैं इसलिए जाहिर है कि इस कानून की सीधी मार इन दोनों ही देशों पर पड़ेगी. अब इस पर दुनिया के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन के सीईओ ने अपनी बात रखी है. उन्होंने कहा कि वह तेल को लेकर अमेरिका के टैरिफ लगाने के पक्ष में नहीं है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यूक्रेन की मदद के लिए और भी बहुत कुछ कर सकता है. डिमन



ने कहा कि अमेरिका को भारत और ग्लोबल ऑयल मार्केट पर पड़ने वाले असर को समझना होगा. उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के दबाव में आकर भारत, रूस स तेल खरीदना बंद कर देता तो इससे वैश्विक बाजारों में तेल की भारी कमी हो जाती. ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका और सऊदी अरब के बाद रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है. अब जाहिर सी बात है कि इस तेल का एक बड़ा हिस्सा भारत जैसे बड़े खरीदार या दुनिया के बाकी हिस्सों में नहीं पहुंचता, तो इससे तेल की भारी कमी हो जाती. भारत अपने कुल आयात का लगभग 30% से 40% रूस से खरीदता है. अगर भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे, तो उसे दूसरे वैश्विक सप्लायर्स का रूख करना पड़ेगा, जिनका कोटा पहले से ही तय है. अब अगर इस सीमित कोटे को खरीदने के लिए भारत भी आगे आ जाए, तो जाहिर सी बात है कि तेल की खरीद को लेकर मची होड़ के बीच एक बड़ा संकट सामने आ जाएगा, जिसकी चपेट में अमेरिकी अर्थव्यवस्था के भी आने की संभावना है. डिमन ने कहा है, 'मुझे उम्मीद है कि अमेरिका बैठकर उन सभी मुद्दों को समझेगा और रूस का मुकाबला करने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए भारत और दुनिया के ऑयल मार्केट को सजा नहीं देगा... मुझे नहीं लगता कि हमें तेल पर किसी भी तरह का टैरिफ लगाना चाहिए।

## जमुई मामले पर जीतन राम मांझी का बड़ा दावा

- **कहा-बिहार की जेलों में एक खास समुदाय के 70% लोग, एनकाउंटर के बाद बढ़ा शक**



**पटना।** जमुई मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर आज बिहार की जेलों पर नजर डालें, तो वहां बंद करीब 70 प्रतिशत लोग एक खास समुदाय से आते हैं। चाहे मामले बलात्कार के हों, जमीन पर कब्जा करने के हों या हत्या के, सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, इन सभी मामलों में शामिल 70 प्रतिशत लोग उसी समुदाय से संबंधित हैं। यह भी कहा जा सकता है कि वे लोग राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे मन में यह विचार आया कि शायद वही लोग इस घटना में कहीं न कहीं शामिल थे। लेकिन जब एक मुठभेड़ हुई, जिसमें सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनमें से एक, नंदन यादव, मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुआ, तो हमारी पहले की आशंका को जैसे ठोस आधार मिलता हुआ दिखाई दिया।

- **तेजस्वी यादव ने क्या कहा?**

जमुई घटना पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि यह एक शर्मनाक घटना है और सरकार की पूरे देश में बदनामी हो रही है। जिस तरह से सरकार में बैठे लोग इस घटना का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखिए। भगवान न करे, अगर उनके अपने परिवार की कोई महिला इस घटना में शामिल होती, तो क्या वह तब भी यही बयान देतीं? उन्होंने कहा कि वह लड़की बिहार की बेटी है;
वह हम सभी के लिए बहन या बेटी के समान है। एसपी ने बताया है कि इस मामले में 7 से 8 लोग शामिल हैं, तो उन सभी को फांसी पर लटका दीजिए, उन्हें फांसी दे दीजिए। इसके बजाय आप हमें नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं और 'मोरल पुलिसिंग' की बात कर रहे हैं? तेजस्वी यादव ने कहा कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया था कि कोई पटना से मुंगेर तक यात्रा कर सकता है और अगर किसी ने किसी महिला को छूने की भी हिम्मत की, तो वह इस्तीफा दे देंगे। अगर उनमें हिम्मत है और वह अपनी बात के पक्के हैं, तो इस्तीफा दें।

## रोशिबिना देवी ने वुशु के सेमीफाइनल में पहुंचकर एशियाई खेलों में पदक पक्का किया



**नागोया :** रोशिबिना देवी नाओरेम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को वुशु के महिला 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मकाऊ की चू मैन सिन को हराया। इससे पहले इस प्रतियोगिता के पिछले दो आयोजनों में रजत और कांस्य पदक जीत चुकीं रोशिबिना को 'आइची प्रीफेक्चुरल मार्शल आर्ट्स हॉल' में मकाऊ की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अंकों के अंतर के आधार पर विजेता घोषित किया गया। हंजाबम लैंगलेनटोम्बी देवी महिला 'नानक्वान और नंदाओ' स्पर्धा के फाइनल में 9.403 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहीं। उन्होंने 'क्वालिटी ऑफ मूवमेंट' में 4.85, 'ओवरऑल परफॉर्मेंस' में 2.703 और 'डिग्री ऑफ डिफिकल्टी' में 1.85 अंक हासिल किए। इस बीच, आर्यन पुरुषों के 56 किग्रा सांडा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के सैदुलो अबुराशितोव से 1-2 (5-0 0-5 0-5) से हार गए।

## ई-फुटबॉल में भारत क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**आइची (जापान) :** भारत का मंगलवार को यहां उज्बेकिस्तान से ड्रॉ खेलने और मंगोलिया के खिलाफ वॉकओवर मिलने के बावजूद एशियाई खेलों की ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता की ईफुटबॉल स्पर्धा के ग्रुप एफ में अभियान समाप्त हो गया। उज्बेकिस्तान ने दो मैच में चार अंक हासिल करके ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ग्रुप की शीर्ष टीम और इनके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली दो टीम अंतिम आठ में पहुंचती। भारत ने भी चार अंक हासिल किए, लेकिन उनके अंक ड्रॉ और मंगोलिया से मिले वॉकओवर से आए थे इसलिए टीम उज्बेकिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर रही।

# जापान ने छुड़ाए भारत के पसीने, दो रन से जीती श्रेयस अय्यर की टीम



**सानो (जापान) :** बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने आखिरी ओवर में आठ रन का सफल बचाव करते हुए भारत को मंगलवार को यहां बारिश से प्रभावित ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जापान पर दो रन से जीत दिलाई। पांच-पांच ओवर के किए गए इस मुकाबले में एक समय भारत बड़े उलटफेर का शिकार होने की कगार पर था।भारत ने निर्धारित पांच ओवर में चार विकेट पर 32 रन बनाए। जापान के स्पिनरों ने पिच से मिल रही मदद का फायदा उठाते हुए भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 12 गेंद में एक चौके की मदद से 16 रन बनाए और वह टीम की ओर से दोहरे अंक में पहुंचने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। अभिषेक शर्मा खाता नहीं खोल सके, जबकि संजू सैमसन ने नौ, इशान किशन ने तीन और तिलक वर्मा ने नाबाद एक रन बनाया।जापान को जीत के लिए अंतिम ओवर में आठ रन चाहिए थे, लेकिन अक्षर ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए शिराई पैटमोर और बेंजामिन इटो डेविस को बड़े शॉट लगाने का मौका नहीं दिया। जापान की टीम तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी।भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि अक्षर ने दो ओवर में सात रन दिए। रवि बिश्नोई ने एक ओवर में 10 रन दिए।जापान के चार्ली हारा हिंज ने 17 रन देकर दो विकेट लिए। इब्राहिम ताकाहाशी और बेंजामिन इटो डेविस को एक-एक विकेट मिला। यह मुकाबला भारत और जापान के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था।

## जुगराज, अभिषेक और दिलप्रीत की हैट्रिक, भारत ने श्रीलंका को 16-1 से रौंदा



**काकामिगहारा (जापान) :** ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह के चार गोल और अभिषेक तथा दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को एशियाई खेलों के पूल ए मुकाबले में श्रीलंका को 16-1 से करारी शिकस्त दी। भारत की यह लगातार दूसरी बड़ी जीत है। उसने अपने पहले मैच में इंडोनेशिया को 13-1 से हराया था।जुगराज ने 10वें, 22वें, 42वें और 53वें मिनट में गोल किए। अभिषेक ने 11वें, 17वें और 49वें, जबकि दिलप्रीत ने 30वें, 38वें और 55वें मिनट में गोल दागे। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने एक-एक गोल किया।भारत ने पहले पांच मिनट में ही मनदीप के गोल से खाता खोला और लगातार दबाव बनाए रखा। पहले हाफ तक टीम 8-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में भी भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल जारी रखा और श्रीलंका को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।श्रीलंका की ओर से एकमात्र गोल सुरेश रत्नायके ने 50वें मिनट में किया। यह एशियाई खेलों के इतिहास में भारत के खिलाफ श्रीलंका का पहला गोल था।भारत अब गुरुवार को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शुरुआती दोनों मैचों में टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए कहा कि इन मुकाबलों से आगे की चुनौतियों की तैयारी में मदद मिल रही है।

## साक्षी ने ओलंपिक पदक विजेता को हराया, जादुमणि भी जीते



**निशियो (जापान) :** भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की ऐरा विलेगास को 5-0 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष वर्ग में जादुमणि सिंह (55 किलोग्राम) भी आगे बढ़ने में सफल रहे। भिवानी की 26 वर्षीय मुक्केबाज साक्षी ने अपनी लंबाई और अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए शुरुआत से ही विलेगास को दूर रखा और उन्हें हावी नहीं होने दिया। जादुमणि ने भी नेपाल के चंद्र बहादुर थापा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उनका सामना फिलिपींस के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता कार्लो पालाम से होगा। साक्षी जल्दी ही हावी हो गई। भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में तेजी दिखाई और मुक्कों की बौछार कर दी। इस दौरान विलेगास उनकी गति और फुर्ती का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रही थी। फिलिपींस की बाएं हाथ की मुक्केबाज ने इस बीच जवाबी हमले भी किए और कुछ जोरदार हुक लगाए लेकिन यह पर्याप्त नहीं थे क्योंकि सभी पांचों जजों ने साक्षी को हर राउंड में पूरे 10 अंक दिए। साक्षी ने इस तरह से 51 किलोग्राम वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

## इलावेनिल-पार्थ मिश्रित टीम में चौथे स्थान पर, निशानेबाजी में स्वर्ण का इंतजार

**नागोया :** भारत की इलावेनिल वलारिवन और किशोर निशानेबाज पार्थ माने मंगलवार को एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में अच्छी शुरुआत को पदक में नहीं बदल सके और फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। इसके साथ ही निशानेबाजी में भारत का स्वर्ण पदक का इंतजार जारी रहा।इलावेनिल और पार्थ ने 634.6 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। चीन के वांग झिफेई और शेंग लिहाओ 638.9 अंक के साथ शीर्ष पर रहे और उन्होंने फाइनल में भी 507.1 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन और पार्क हाजुन ने रजत, जबकि जापान के नाओकी हानाकावा और मिसाकी नोबाटा ने कांस्य पदक हासिल किया।भारतीय जोड़ी फाइनल में अपनी क्वालीफिकेशन वाली लय कायम नहीं रख सकी और 18वें शॉट के बाद पदक की दौड़ से बाहर हो गई। पहली सीरीज के बाद उसका स्कोर 103.6 और दूसरी के बाद 207.9 अंक था। 15 शॉट के बाद भारत 312.3 अंक पर था और दक्षिण कोरिया से दो अंक पीछे था।भारत ने अब तक निशानेबाजी में पांच पदक जीते हैं, जिनमें चार रजत और एक कांस्य शामिल है।

## एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद शेफाली आईसीसी टी20 रैंकिंग में चौथे नंबर पर



**दुबई :** भारत की विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा में अपना पहला टी20 शतक लगाने के बाद आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गईं। जापान के निशिन में बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 100 रन की पारी से पहले शेफाली ने क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ नाबाद 40 रन की पारी खेली थी। सोमवार तक के प्रदर्शन के आधार पर ताजा जारी रैंकिंग में भारत की श्री चरणी (799 रेटिंग अंक) और दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान पर काबिज हैं। श्री चरणी पहले और दीप्ति उनसे 70 अंक पीछे दूसरे स्थान पर काबिज हैं। टीम की अन्य खिलाड़ियों को भी काफी फायदा हुआ है जिसमें क्रांति गौड़ 15 पायदान के फायदे से 57वें और नंदनी शर्मा 22 पायदान ऊपर चढ़कर 72वें स्थान पर पहुंच गई हैं। एशियाई खेलों में अपने प्रदर्शन के बाद दोनों ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक (क्रमशः 461 और 432) हासिल किए हैं। हालांकि स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे खिसककर छठे स्थान पर आ गईं और कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी रैंकिंग में 10वें स्थान पर बरकरार हैं।

### हमारी टीम ने स्वर्ण पदकों का रास्ता खोल दिया है : हरमनप्रीत



**नागोया :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि एशियाई खेलों में उनकी टीम की स्वर्ण पदक जीत देश के लिए इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में और अधिक स्वर्ण पदकों का रास्ता खोलेगी। भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को 147 रनों से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और 2023 में चीन में हुए पिछले चरण में जीते खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। हरमनप्रीत ने पत्रकारों से कहा, ''स्वर्ण पदक जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। हर खिलाड़ी का यह सपना होता है। हमारी टीम ने स्वर्ण पदकों का रास्ता खोल दिया है। भारत जितने अधिक स्वर्ण पदक जीतेगा, हमारे लिए उतना ही बेहतर होगा। '' उन्होंने कहा, ''हम कल (भारत) वापस जा रहे हैं। लेकिन हम निश्चित रूप से अन्य प्रतियोगिताओं पर नजर रखेंगे।

## एशियाड बैडमिंटन: भारतीय पुरुष टीम ने पदक पक्का किया, महिला टीम बाहर



**नागोया :** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मंगलवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जापान को 3-0 से हराकर पदक पक्का कर लिया, जबकि महिला टीम को मेजबान से 1-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। पुरुष टीम ने पिछले एशियाड में रजत पदक जीता था।भारत की जीत की शुरुआत लक्ष्य सेन ने की। उन्होंने दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता कोडाई नाराओका को 11-21, 21-5, 21-19 से हराया। निर्णायक गेम में 14-19 से पिछड़ने के बावजूद सेन ने लगातार सात अंक जीतकर शानदार वापसी की।इसके बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने होकी ताकुरो और कोबायाशी युगो को 21-18, 24-22 से हराकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। आयुष शेट्टी ने कोकी वातानाबे को 21-10, 21-19 से हराकर टीम को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत का सामना अब बुधवार को चीन और दक्षिण कोरिया के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। महिला टीम को हालांकि निराशा हाथ लगी। पीवी सिंधू को अकाने यामागुची ने 23-21, 18-21, 6-21 से हराया। उन्नति हुड्डा भी टोमोका मियाजाकी से हार गईं। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने युगल मुकाबला जीतकर भारत की वापसी कराई, लेकिन तन्वी शर्मा को नोजोमी ओकुहारा से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ जापान ने 3-1 से जीत दर्ज कर भारतीय महिला टीम को बाहर कर दिया।

## मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**लंदन :** वनडे और टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य और अपनी पीढ़ी के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक मार्क वुड ने चोटों की समस्याओं के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। 36 वर्षीय वुड वनडे (2019) और टी20 (2022) प्रारूपों में विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे। वह चार एशेज श्रृंखलाओं में भी खेले। वुड को हाल के वर्षों में चोटों की समस्या से जूझना पड़ा है, खासकर पिछले साल जब बाएं घुटने की सर्जरी के बाद उन्हें आठ महीने तक खेल से दूर रहना पड़ा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला के लिए वापसी की। पहले टेस्ट में वुड ने केवल 11 ओवर ही फेंके थे कि उसी घुटने में सूजन आ गई, जिसके कारण उन्हें इलाज के लिए घर लौटना पड़ा और तब से उन्होंने इंग्लैंड के लिए कोई मैच नहीं खेला। वुड ने एक बयान में कहा, ''मैंने हमेशा दृढ़ रहने और चोट से उबरकर लोगों को गलत साबित करने और सबको अपनी क्षमता दिखाने की कोशिश की है। दुर्भाग्य से इस बार मैं यह लड़ाई हार गया।''



# व्यापार



## पाइन लैब्स से बाहर निकली मास्टरकार्ड, अपनी हिस्सेदारी 933 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली :** वैश्विक भुगतान समाधान कंपनी मास्टरकार्ड ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी पाइन लैब्स से पूरी तरह बाहर निकलते हुए अपनी 4.31 प्रतिशत हिस्सेदारी 933 करोड़ रुपये में बेच दी है। यह सौदा बीएसई पर अलग-अलग थोक सौदों के जरिये हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी मास्टरकार्ड ने अपनी सहयोगी कंपनी मास्टरकार्ड एशिया/पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड के जरिये नोएडा स्थित पाइन लैब्स के 4,97,24,182 शेयर 13 किस्तों में बेचे। ये शेयर कंपनी में 4.31 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। इन शेयरों को औसतन 187.75 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेचा गया, जिससे कुल सौदे का मूल्य 933.57 करोड़ रुपये रहा।

## ट्राई ने वॉयस कॉल, एसएमएस के लिए सस्ते विशेष शुल्क वाउचर जारी करने को किया अनिवार्य

**नयी दिल्ली :** ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों के लिए 'वॉयस कॉल' और 'एसएमएस' के अलग से सस्ते शुल्क वाले वाउचर जारी करना अनिवार्य कर दिया है। नए नियम के तहत इन सेवाओं के साथ डेटा यानी इंटरनेट प्लान लेने की जरूरत नहीं होगी। दूरसंचार नियामक के इस कदम से ग्राहकों को कम लागत पर फोन में सिर्फ वॉयस कॉल और एसएमएस की सेवाएं मिल सकेंगी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से मंगलवार को जारी दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (13वां संशोधन) विनियमन, 2026 के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों को अब 30 दिन या उससे कम वैधता वाले मौजूदा वॉयस कॉल, एसएमएस और डेटा वाले वाउचर के समान अवधि वाले केवल 'वॉयस कॉल' और एसएमएस के लिए अलग 'प्लान' भी उपलब्ध कराने होंगे।

# हर मतभेद की शुरुआत मुकदमेबाजी से नहीं होनी चाहिए: सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कंपनियों से हर मतभेद को अदालत में ले जाने से बचने और कंपनी संचालन व्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान देने का आग्रह किया। सीतारमण ने यहां एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक कार्यक्रम में कहा कि अच्छा कंपनी संचालन केवल बाहरी नियमों को अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन मानकों पर भी निर्भर करता है जिन्हें संस्थान खुद के लिए तय करते हैं। सीतारमण ने कहा कि कारोबार क्षेत्रों के बीच भरोसा मांगा नहीं जा सकता, बल्कि दोनों पक्षों के आचरण से उसे बनाया जाता है। उन्होंने कहा, ''कंपनियों को सरकार और नियामकों के साथ रचनात्मक तरीके से बातचीत करनी चाहिए। कानूनी रास्ता हमेशा उपलब्ध रहेगा, लेकिन हर असहमति की शुरुआत कानूनी विवाद से नहीं होनी चाहिए। मतभेद विवाद का रूप लें, इससे पहले तथ्यों को सामने रखकर, परामर्श प्रक्रिया में गंभीरता से भाग लेकर और समाधान की दिशा में काम करके शुरुआती स्तर पर बातचीत करना काफी महत्वपूर्ण है।'' सीतारमण ने कहा कि इसके साथ ही कंपनियों को अपने कामकाज में निश्चितता, पारदर्शिता और दूसरों की बात सुनने की इच्छा दिखानी चाहिए। एक परिपक्व अर्थव्यवस्था में असहमति को तुरंत टकराव में बदले बिना उससे निपटने की क्षमता होनी चाहिए। वित्त मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत से केवल कारोबार का विस्तार करने के बजाय मजबूत, टिकाऊ और बेहतर संचालन वाली कंपनियां बनाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योग को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग को ऐसे संस्थान और कंपनियां बनानी चाहिए, जिनमें बड़े पैमाने के साथ टिकाऊपन, बेहतर गुणवत्ता, अच्छा संचालन और मजबूत प्रौद्योगिकी क्षमता हो। सीतारमण ने कहा, ''भारत के पास आज बड़े बाजार का आकार, उद्यमिता का उत्साह और संस्थागत क्षमता है, जिससे वह कहीं अधिक ऊंचे लक्ष्य तय कर सकता है। इन क्षमताओं को देश की दीर्घकालिक क्षमता में कितनी सफलता से बदला जाता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि योजनाओं और कार्यों को कितनी प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाता है।''

## आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 330 अंक टूटा, निफ्टी 23,350 अंक के नीचे

**मुंबई :** सूचना प्रौद्योगिकी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 330 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,350 अंक के नीचे आ गया। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 329.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत टूटकर 74,529.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 435.28 अंक की गिरावट के साथ 74,423.71 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 85.30 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,329 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट रही। वहीं, लाभ में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, इंटरग्लोब एविएशन, टाइटन और टाटा स्टील शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.67 प्रतिशत टूटकर 98.66 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक माहौल में सुधार के बावजूद घरेलू बाजार की धारणा कमजोर रही। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल में कमी से माहौल को कुछ समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों में सुधार भारतीय शेयरों में तेजी में तब्दील नहीं हो सका।''

## भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में प्रदर्शित होंगी दुनिया भर से चावल की 200 किस्में

**नयी दिल्ली :** भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) में दुनिया भर से व्यावसायिक महत्व वाली चावल की लगभग 200 किस्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। अपनी तरह का यह पहला वैश्विक संग्रह अगले महीने नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों के चावल की तुलना करने और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने एक बयान में बताया कि 23 से 25 अक्टूबर तक भारत मंडपम में प्रदर्शित किए जाने वाले इस वैश्विक चावल संग्रह में इटली के आर्बोरियो, थाईलैंड के जैस्मीन व ग्लूटीनस आरडी6 और जापान के सुशी चावल से लेकर भारत के बासमती, सुगंधित पारंपरिक अनाज, काले तथा लाल चावल और क्षेत्रीय विशिष्ट किस्में शामिल होंगी। इस प्रदर्शनी का मकसद चावल को केवल एक व्यापारिक जिंस के रूप में ही नहीं, बल्कि भूगोल, जैव विविधता, खान-पान की परंपराओं और खेती के तौर-तरीकों से जुड़े उत्पाद के रूप में पेश करना है। भारत की व्यावसायिक पेशकशों में पूसा बासमती, सुगंधा और शरबती सहित बासमती की विभिन्न किस्में शामिल होंगी। इसके अलावा गैर-बासमती किस्में जैसे पीआर-11, पीआर-14, परमल और सोना मसूरी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रह में क्षेत्रीय और पारंपरिक किस्में भी शामिल होंगी, जिनमें केरल से नवारा तथा रक्तशाली, तमिलनाडु से सीरागा सांबा, मपिल्लई सांबा तथा करुप्पु कावुनी, छत्तीसगढ़ से दुबराज, पश्चिम बंगाल से तुलाईपंजी, मणिपुर से चाक-हाओ काला चावल, असम से जोहा चावल, उत्तर प्रदेश से काला नमक, मध्य प्रदेश से चिन्नौर, महाराष्ट्र से आंबेमोहर और कश्मीर से मुश्कबुदजी शामिल हैं।

## निर्यातकों की मदद के लिए जिला, राज्य स्तर पर 1,000 लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि जिला और राज्य स्तर पर मौजूदा तथा संभावित निर्यातकों की मदद के लिए करीब 1,000 लोगों को व्यापार से जुड़े विषयों पर क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कारोबार सुगमता और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अवसरों पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हर स्थान पर प्रत्येक विभाग के अलग-अलग कार्यालय स्थापित करने के बजाय प्रमुख शहरों में एकीकृत वाणिज्य एवं उद्योग कार्यालय बनाने की योजना है। इन कार्यालयों के जरिये कारोबारियों को कई विभागों और एजेंसियों तक पहुंच के लिए एक साझा केंद्र उपलब्ध कराया जाएगा।

## हवाई किराये पर त्योहारी मौसम में सीमा नहीं लगाएंगे, टिकट की कीमत उचित रखने को कहेंगे: नायडू

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि सरकार आगामी त्योहारी मौसम की व्यस्त मांग के बीच हवाई किराये पर किसी तरह की सीमा नहीं लगाएगी, लेकिन एयरलाइन कंपनियों को टिकट के दाम उचित स्तर पर रखने की सलाह देगी। नायडू ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने वाली 'उड़ान' योजना के अगले चरण के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर के मौके पर संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार त्योहारी मौसम और महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान हवाई किराये की स्थिति पर नजर रखती है और एयरलाइन कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में रहती है। उन्होंने कहा, ''हम एयरलाइन कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं और नियमित बैठकें भी करते हैं। हम उनसे यह सुनिश्चित करने को कहते हैं कि त्योहारों के समय किराया उचित स्तर पर रखा जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण समय में यात्रा करने वाले लोग इससे लाभान्वित हो सकें।'' नागर विमानन मंत्री इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या सरकार आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए हवाई किराये पर किसी तरह की सीमा लगाएगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतें बढ़ गई हैं। यह ईंधन किसी भी एयरलाइन के परिचालन खर्च का बड़ा हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि एटीएफ हवाई किराये का 40 से 43 प्रतिशत होता है और ईंधन की कीमत में मामूली बढ़ोतरी भी टिकट के दाम को सीधे प्रभावित करती है। नायडू ने कहा, ''यह जरूरी नहीं कि त्योहारी समय या किसी अन्य वजह से हो, बल्कि मौजूदा संकट की स्थिति भी इसका कारण है।''

## स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए एक अप्रैल से बीआईएस प्रमाणन हुआ अनिवार्य



**नयी दिल्ली :** सरकार ने स्मार्टफोन की स्क्रीन को खरोंच और टूट-फूट से बचाने के लिए लगाए जाने वाले सुरक्षात्मक कवर 'स्क्रीन प्रोटेक्टर' के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का प्रमाणन अनिवार्य कर दिया है। यह प्रावधान अगले साल एक अप्रैल से लागू हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की 21 सितंबर को जारी अधिसूचना के मुताबिक, स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी उत्पाद (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2021 के दायरे में शामिल किया गया है। इन्हें भारतीय मानक आईएस 19348:2025 के अनुरूप होना होगा। एक अप्रैल, 2027 से ऐसे स्क्रीन प्रोटेक्टर की बिक्री के लिए निर्धारित भारतीय मानकों का पालन करना और बीआईएस प्रमाणन हासिल करना जरूरी होगा। स्क्रीन प्रोटेक्टर इस आदेश के तहत अधिसूचित होने वाली 66वीं वस्तु है। सूची में स्मार्टफोन, लैपटॉप, मोबाइल और लैपटॉप चार्जर, एलईडी टेलीविजन, माइक्रोवेव ओवन, प्रिंटर और सेट-टॉप बॉक्स समेत अन्य उत्पाद पहले से शामिल हैं। इस कदम से कम गुणवत्ता वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर की बिक्री पर अंकुश लगने और घरेलू विनिर्माताओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मोबाइल फोन विनिर्माताओं के संगठन आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने कहा कि अनिवार्य बीआईएस प्रमाणन से उपभोक्ताओं को घटिया उत्पादों से बचाने तथा घरेलू एवं वैश्विक कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। मोहिंद्रू ने कहा, ''सालाना 50 करोड़ से अधिक इकाइयों वाले बाजार पर यह फैसला लागू होने से 12,000-16,000 करोड़ रुपये का गुणवत्ता-आधारित उद्योग विकसित हो सकता है। इससे करीब 60,000 प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार पैदा होने तथा जीएसटी राजस्व में करीब 2,000 करोड़ रुपये के योगदान की उम्मीद है।'' घरेलू बाजार में टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर की मांग 2025 में करीब 40 करोड़ इकाई और खुदरा मूल्य करीब 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## स्कूल में पढ़ रही दूसरी कक्षा की छात्रा बेहोश होकर गिरी, मौत

**बलरामपुर:** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर नगर में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे की कथित तौर पर तेज आवाज से स्कूल में पढ़ रही दूसरी कक्षा की एक छात्रा की बेहोश होने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची की मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक, मृतक छात्रा की पहचान वैष्णवी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बलरामपुर नगर के एक निजी स्कूल में कक्षा दो की छात्रा वैष्णवी पढ़ाई कर रही थी और इसी दौरान स्कूल के बगल से गणेश प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि यात्रा में बज रहे डीजे की तेज आवाज के कारण छात्रा अपनी सीट पर गिरकर बेहोश हो गई। पुलिस ने बताया कि शिक्षकों ने तत्काल बच्ची को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस घटना के बाद नगर पालिका परिषद सभागार में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में नगर में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया।

## झारखंड: मां के सड़ चुके शव के साथ तीन दिन तक घर में रहा युवक

**जमशेदपुर:** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक युवक तीन दिन तक अपनी मां के सड़ चुके शव के साथ घर में रह रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इलाके के निवासियों द्वारा घर से दुर्गंध आने की शिकायत मिलने के बाद सोमवार रात पुलिस की एक टीम घाटशिला थाना क्षेत्र के कसीदा न्यू कॉलोनी स्थित घर में गई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को घर में उमा गोस्वामी नाम की महिला मृत पड़ी मिली। महिला को तुरंत घाटशिला अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घाटशिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विकास आनंद लागुरी ने बताया कि पुलिस गोस्वामी के बेटे से पूछताछ कर रही है, जो अपनी मां के साथ रहता था। पीड़िता का पोस्टमार्टम मंगलवार को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह कोई आकस्मिक मामला है या तीन दिन पहले कोई अप्रिय घटना घटी थी, इसकी पुष्टि केवल पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही की जा सकती है।

## हरदोई में मामा के बेटे को बचाने कुंड में कूदा युवक, दोनों की डूबकर मौत

**हरदोई (उप्र):** हरदोई के बेनीगंज क्षेत्र में स्थित हत्याहरण तीर्थस्थल के कुंड में नहाते समय डूबने से 11 वर्षीय लड़के समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार की शाम बेनीगंज कोतवाली इलाके में हुई, जब सीतापुर निवासी रितिक (11) हत्याहरण तीर्थस्थल स्थित कुंड में नहाने गया था तभी गहरे पानी में चले जाने से वह डूबने लगा। पुलिस ने बताया कि रितिक को बचाने के लिए उसके बुआ के बेटे मोहित त्रिपाठी (20) ने कुंड में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी गहरे पानी में डूब गया। उन्होंने बताया कि दोनों को डूबता देख राज नामक एक युवक भी कुंड में उतर गया और शोर मचाया। मौके पर मौजूद लोगों ने राज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और काफी देर की मशक्कत के बाद रितिक और मोहित को भी कुंड से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

## चढ़ावा चोरी मामले में तीन अन्य आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**अयोध्या:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या की एक विशेष अदालत ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में मंगलवार को तीन अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। आरोपियों के वकील कुल शेखर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा ने अनुकल्प मिश्र, लवकुश मिश्र और करुणेश पांडेय की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने सोमवार को अविनाश शुक्ला, मनीष कुमार यादव और राम शंकर मिश्रा की जमानत याचिकाएं खारिज की थीं। सिंह ने बताया कि बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि भ्रष्टाचार से संबंधित प्रावधान और लोक सेवक द्वारा विश्वास के आपराधिक उल्लंघन से जुड़ी धाराएं इस मामले में लागू नहीं होतीं क्योंकि आरोपी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं। उन्होंने दलील दी कि अगर इन दोनों प्रावधानों को हटा दिया जाए तो शेष अपराधों में अधिकतम सात वर्ष के कारावास का प्रावधान है और किसी विशेष परिस्थिति के अभाव में आरोपियों को जमानत दी जा सकती है।

# जमुई छेड़छाड़ मामला: मुठभेड़ के बाद दो आरोपी गिरफ्तार, तीन नाबालिग हिरासत में



**पटना/जमुई:** बिहार के जमुई जिले में एक लड़के और लड़की से कथित तौर पर बदसलूकी करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में दोनों आरोपी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही 19 सितंबर को हुई इस घटना के सिलसिले में अब तक कुल पांच लोगों को पकड़ा गया है। मुंगेर क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों में से एक नंदन यादव के पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि नंदन का सहयोगी हरेराम यादव पुलिस से बचकर भागने की कोशिश में घुटने में चोट लगने से घायल हो गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस सोमवार से आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। डीआईजी ने जमुई से फोन पर 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'नंदन और हरेराम दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले हमने तीन नाबालिगों को पकड़ा था।' उन्होंने बताया, 'हरेराम और नंदन के स्वस्थ होने के बाद पूछताछ के आधार पर कुछ और लोगों को पकड़ा जा सकता है। वीडियो क्लिप से यह स्पष्ट नहीं था कि घटना में कितने लोग शामिल थे। हालांकि, यह कहा जा सकता है कि मुख्य आरोपियों को पकड़ लिया गया है। दरअसल, समूह का नेतृत्व करने वाला हरेराम ही था, जो वीडियो में चेहरे पर गमछा बांधे दिखाई दे रहा था।' एक ही कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले लड़की और लड़के को एक समूह ने सड़क पर पकड़ लिया तथा उनसे कथित तौर पर बदसलूकी की। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई लेकिन सोमवार को घटना से जुड़े वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद यह मामला सामने आया। अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) के. सुहिता अनुपम ने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा को बताया, यह घटना जितनी चिंताजनक थी, उतना ही चिंताजनक सोशल मीडिया पर उस वीडियो को साझा करना था, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हो गई। उन्होंने बताया, हम इस मामले में शीघ्र आरोपपत्र दाखिल करने और फास्ट-ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाना सुनिश्चित करेंगे। वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ भी आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

## कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के रूप में काम करने वाले सहायक अध्यापक को मिलेगा समान वेतन

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि लंबे समय तक कार्यवाहक प्रधानाध्यापक के रूप में काम करने वाले सहायक अध्यापक उस तारीख से प्रधानाध्यापक के वेतन के हकदार हैं, जिस दिन से उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी। न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बकाया वेतन के भुगतान को रिट याचिका दायर करने से पहले की तीन साल की अवधि तक सीमित करने वाली पहले की रोक को भी हटा दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने पूनम रानी वर्षणी समेत 1,030 याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर याचिकाओं के समूह का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि उनके संबंधित विद्यालयों में नियमित प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति नहीं की गई थी और वे अलग-अलग तारीखों से प्रधानाध्यापक के दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे, लेकिन उन्हें प्रधानाध्यापक का वेतन नहीं दिया जा रहा था।

## न्यूज अपडेट

### गाजीपुर के आवासीय विद्यालय से लापता दो लड़कियां वाराणसी में मिलीं

**गाजीपुर:** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर कोतवाली क्षेत्र के छावनी लाइन स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से सोमवार को लापता हुईं दो छात्राओं को मंगलवार को वाराणसी कैंट जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) ने बरामद कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं फिलहाल गाजीपुर कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में हैं और पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की अधिकारी अर्चना कुमारी ने गाजीपुर कोतवाली में दोनों छात्राओं के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि कक्षा आठ में पढ़ने वाली दो छात्राएं सोमवार शाम से लापता हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार दोपहर दोनों छात्राओं ने वाराणसी से विद्यालय में फोन किया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल दोनों को अपनी हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक, विद्यालय के अधिकारी वाराणसी पहुंचे और दोनों छात्राओं को लेकर गाजीपुर आए तथा उन्हें पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मऊ में 11 वर्षीय छात्रा को पीटने के आरोप में प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज

**मऊ:** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में 11 वर्षीय छात्रा की कथित रूप से पिटाई करने के लिए एक निजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सलाहाबाद निवासी राधिका देवी की तहरीर पर पुलिस ने हरपुर सलाहाबाद स्थित माता कमला देवी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील राय के खिलाफ मामला दर्ज किया है। छात्रा, छठी कक्षा में पढ़ती है। शिकायत के अनुसार, 18 सितंबर को अंशिका कुमारी रोज की तरह स्कूल गई थी और पूर्वाह्न करीब 11 से 12 बजे के बीच परिजनों को उसकी तबीयत खराब होने की सूचना मिली। शिकायत में आरोप लगाया गया कि इसके बाद उसके चाचा प्रमोद राम स्कूल पहुंचे और पाया कि अंशिका दर्द से चिल्ला रही थी और उसके मुंह से खून निकल रहा था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, चोट अधिक होने के कारण अंशिका बार-बार बेहोश हो रही थी और उसके साथ पढ़ने वाली छात्राओं ने बताया कि किसी बात को लेकर प्रबंधक सुनील राय ने उसे पीटा था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि प्रबंधक से बात करने पहुंचे परिजनों के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और उन्हें धमकी देकर भगा दिया गया। सरायलखंसी थाना प्रभारी राकेश कुमार राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार: नवादा में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में सरकारी स्कूल का प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**पटना:** बिहार के नवादा जिले में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एक सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रधानाध्यापक महेश कुमार यादव के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 18 सितंबर को सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में एक शिक्षक छात्राओं से कथित तौर पर छेड़छाड़ कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद महिला पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम विद्यालय पहुंची और परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने छात्राओं के बयान दर्ज किए और विद्यालय के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की। जिला पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के बाद जारी बयान में बताया गया कि शिकायत के आधार पर प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद यादव को हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। बयान के अनुसार, पीड़ित छात्राओं का सदर अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण कराया गया और बयान दर्ज कराने के लिए उन्हें अदालत में पेश किया गया। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो गया, जिसमें कुछ कथित छात्राएं रोते हुए प्रधानाध्यापक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाती दिखाई दे रही हैं। 'पीटीआई-भाषा' इस वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक, मामले की गंभीरता को देखते हुए नवादा के पुलिस अधीक्षक ने विस्तृत जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

## जमुई मामले पर बदनामी झेल रहा बिहार, सम्राट चौधरी इस्तीफा दें: तेजस्वी यादव



**पटना:** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जमुई जिले में एक नाबालिग लड़के और लड़की से कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''बिहार की बदनामी हो रही है'' और राज्य में ''गुंडाराज'' का माहौल है। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह शर्मनाक है कि केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ नेता इस घटना को यह कहकर सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती हैं।' तेजस्वी ने कहा कि इस तरह के बयान देने वाले राजग नेताओं को बिहार की जनता से तत्काल माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'यह कल्पना से परे है कि इस तरह की बातें कही जा रही हैं। इससे यह पता चलता है कि सत्ता में बैठे लोग एक ऐसे कृत्य को किस तरह पेश कर रहे हैं, जो न केवल जघन्य है बल्कि समाज के लिए भी शर्मनाक है।' राजद नेता ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के एक पुराने बयान का भी उल्लेख किया। चौधरी ने एक बयान में कहा था कि बिहार में आधी रात को भी कोई महिला को छू नहीं सकता और अगर ऐसा हुआ तो वह इस्तीफा दे देंगे। तेजस्वी ने कहा कि जमुई की घटना के बाद मुख्यमंत्री को अपने ही शब्दों का सम्मान करते हुए पद छोड़ देना चाहिए।

## राजस्थान: जयपुर के अस्पताल में दुर्लभ 'ट्राइकसपिड वाल्व बार्लो' बीमारी का बिना सर्जरी इलाज

**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर स्थित एक अस्पताल में 'ट्राइकसपिड वाल्व बार्लो' की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग मरीज का बिना ओपन हार्ट सर्जरी के कैथेटर आधारित प्रक्रिया से सफल इलाज किया गया। चिकित्सकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'ट्राइकसपिड वाल्व बार्लो' बीमारी एक दुर्लभ स्थिति है, जिसमें हृदय के दाएं हिस्से का ट्राइकसपिड वाल्व असामान्य रूप से बड़ा और ढीला हो जाता है, जिससे वह पूरी तरह बंद नहीं हो पाता और रक्त वापस पीछे की ओर बहने लगता है। चिकित्सकों के अनुसार, मरीज 'ट्राइकसपिड वाल्व बार्लो' की बीमारी से पीड़ित था, जिसके कारण वाल्व में गंभीर रिसाव हो रहा था और इस स्थिति में हर बार दिल की धड़कन के साथ रक्त वाल्व से पीछे की ओर जाने लगता है। यह प्रक्रिया हाल में राजस्थान अस्पताल में हस्तक्षेपी संरचनात्मक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र सिंह राव के नेतृत्व में डॉ. कैलाश चंद्र और डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय की टीम ने की।

# कानपुर में व्यापारी का सिर कटा शव मिला




**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के कानपुर में मंगलवार को सड़क किनारे 45 वर्षीय एक व्यापारी का सिर कटा शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक का सिर घटनास्थल से करीब 10-12 फुट दूर पानी भरे एक गड्ढे से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान देवहा गांव निवासी राजकिशोर पटवा उर्फ राजू के रूप में हुई है और वह बिल्हौर के वैष्णव नगर में पत्नी और तीन बेटियों के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि राजू महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन उत्पादों की बिक्री करते थे। राजकिशोर की पत्नी मधु ने बताया कि वह मंगलवार सुबह करीब आठ बजे साइकिल से देवहा गांव जाने की बात कहकर घर से निकले थे और करीब एक घंटे बाद मकनपुर रोड पर खुर्द खोजनपुर के पास एक राहगीर ने उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि मौके पर शव के पास उनका गमछा और साइकिल मिली। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) एसएम कासिम अबिदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शव या चेहरे पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आशंका है कि किसी धारदार हथियार से सिर काटा गया है हालांकि, घटना के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया और मामले के सभी संभावित पहलुओं की जांच के लिए टीमें गठित की गयी हैं।

## राजस्थान: जयपुर में जुटेंगे देश भर के नाक व गला रोग विशेषज्ञ, नए अनुसंधानों पर होगी चर्चा




**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर में इस सप्ताह देश भर के कान, नाक, गला (ईएनटी) रोग विशेषज्ञ जुटेंगे तथा नए अनुसंधान व आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार, इंडियन एकेडमी ऑफ ओटोलरींगोलॉजी एंड हेड नेक सर्जरी (आईएओएचएनएस) की 12वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस 24 से 27 सितंबर तक जयपुर में आयोजित होगी, जिसमें देश-विदेश के कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ तथा वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। सम्मेलन के चेयरमैन (साइंटिफिक) डॉ. पवन सिंघल ने बताया कि इस सम्मेलन में नवाचार, नए अनुसंधान और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मरीजों की जांच, शल्य चिकित्सा और उपचार को अधिक आसान, सुलभ व किफायती बनाने के लिए नए विकल्पों पर चर्चा होगी। सिंघल ने बताया कि सम्मेलन में विशेष रूप से युवा चिकित्सकों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, नए चिकित्सकों और मेडिकल कॉलेजों में नियुक्त नए शिक्षकों के ज्ञानवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि वे नए शोध, नवाचार एवं आधुनिक उपचार विधियों से परिचित हो सकें। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के कान, नाक, गला रोग विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. सिंघल ने बताया कि सम्मेलन की शुरुआत 24 सितंबर को एसएमएस मेडिकल कॉलेज में एक कार्यशाला से होगी और इसमें जाने-माने सर्जन डॉ. सतीश जैन व डॉ. संपत चंद प्रसाद राव के सत्र होंगे।

## भाजपा उत्तर प्रदेश में जीत की 'हैट्रिक' लगाने के प्रति आश्वस्त : नितिन नवीन



**मुजफ्फरनगर/मेरठ:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन के आधार पर पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त है। नवीन ने मुजफ्फरनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा स्वागत किए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''जमीनी स्तर पर जो माहौल दिख रहा है, वह बहुत सकारात्मक है। हमें भरोसा है कि 2027 में भाजपा फिर जीतेगी।'' नवीन, सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने मेरठ से सहारनपुर तक सड़क मार्ग से यात्रा की और इस दौरान उनके साथ भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे। मुजफ्फरनगर में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत भाजपा के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नवीन का स्वागत किया। अग्रवाल ने कहा कि नवीन के दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह था। भाजपा नेता ने सोमवार को मेरठ का दौरा किया था, जहां उन्होंने संगठनात्मक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मेरठ से सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान नवीन का काफिला मेरठ जिले के सिवाया टोल प्लाजा से गुजरा, जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जुटे थे। भाजपा नेता का काफिला हालांकि टोल प्लाजा पर नहीं रुका। नवीन ने कार के अंदर से हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

## जमुई की घटना भयावह और वीभत्स, कानून का डर खत्म: प्रशांत किशोर



**पटना:** जन सुराज पार्टी के संस्थापक एवं बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर ने जमुई में लड़के व लड़की से कथित बदसलूकी की घटना की मंगलवार को निंदा करते हुए इसे 'भयावह' और 'वीभत्स' करार दिया। किशोर ने आरोप लगाया कि इस घटना ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के बिहार में कथित 'जंगलराज' समाप्त करने के दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'जमुई की घटना को व्यक्त करने के लिए 'वीभत्स' और 'भयावह' दो ही शब्द हैं। भाजपा नीत सरकार पूरी तरह बेनकाब हो गई है। राज्य में कानून का कोई भय नहीं रह गया है।'' किशोर ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी पिछले 20 साल से लोगों के मन में यह डर उत्पन्न कर सत्ता में बने रहे कि अगर वे चुनाव हार गए तो बिहार में फिर जंगलराज लौट आएगा। उन्होंने आरोप लगाया, 'भाजपा ने उसी सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया, जिन्होंने अपनी राजनीतिक शुरुआत राजद से की थी। उनके सत्ता संभालने के बाद से ही राज्य में कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है।' जन सुराज प्रमुख ने उन राजग नेताओं की भी आलोचना की, जिन्होंने जमुई की घटना को 'छिटपुट' बताकर उसकी गंभीरता कम करने की कोशिश की। उन्होंने कुछ महीने पहले यौन उत्पीड़न के बाद नीट की एक अभ्यर्थी की मौत और पटना के एक होटल में पिता के सामने युवती से छेड़छाड़ की घटना का भी जिक्र किया। किशोर ने जमुई मामले में पुलिस मुठभेड़ में दो मुख्य आरोपियों के घायल होने की घटना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कानून का राज 'एनकाउंटर राज' नहीं होता।

## विधान परिषद की 11 सीट के लिये चुनाव कार्यक्रम जारी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीट के लिए चुनाव कार्यक्रम मंगलवार को जारी कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विधान परिषद में खंड स्नातक श्रेणी की पांच और खंड शिक्षक श्रेणी की छह निर्वाचन सीट के द्विवार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया। कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की अधिसूचना 29 सितंबर को जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख छह अक्टूबर होगी जबकि नामांकन पत्रों की जांच सात अक्टूबर को की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि उम्मीदवार नौ अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। रिणवा ने बताया कि मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक होगा और मतगणना 27 अक्टूबर को की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया 31 अक्टूबर से पहले पूरी कर ली जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधान परिषद के खंड स्नातक की पांच और खंड शिक्षक की छह सीट से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल छह दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

# यूपी विधानसभा चुनाव 2027: सपा कार्यालय के बाहर भगवान हनुमान के पोस्टर से चुनावी पारा चढ़ा




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव का एक नया पोस्टर चर्चा में है। इस पोस्टर में अखिलेश को भगवान हनुमान से आशीर्वाद लेते हुए दिखाया गया है। यह पोस्टर ऐसे समय सामने आया है, जब सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी चुनावों को 'बाबर और बजरंग' के बीच का चुनाव बताया था। आदित्यनाथ ने सोमवार को मेरठ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था, 'बाबर के अनुयायियों को केवल बजरंग के भक्त ही जवाब दे सकते हैं।'' इस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद थे। अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस के लिए एकत्र हुए कारसेवकों पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के कथित निर्देश पर पुलिस गोलीबारी की घटना के बाद से ही भाजपा सपा पर मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाती रही है और विपक्ष पर निशाना साधने के लिए 'बाबर के समर्थक'' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करती रही है। हालांकि, आदित्यनाथ द्वारा भाजपा समर्थकों को 'बजरंग के भक्त' बताए जाने के बाद सपा कार्यालय के बाहर लगाए गए इस पोस्टर ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। मंगलवार को सामने आए इस पोस्टर में अखिलेश यादव को हाथ जोड़कर भगवान हनुमान के सामने बैठे हुए और उनसे आशीर्वाद लेते हुए दिखाया गया है। पोस्टर पर 'विजय भव:' संदेश लिखा है, जिसे सपा की ओर से भाजपा की आक्रामक राजनीति के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, रविवार व सोमवार को लखनऊ, उन्नाव, इटावा, सीतापुर, बरेली, मेरठ, आजमगढ़ और गाजीपुर समेत कई जिलों में सपा प्रमुख को निशाना बनाने वाले पोस्टर सामने आए थे। इन पोस्टरों में सपा नेता आजम खान और अतीक अहमद एवं मुख्तार अंसारी की तस्वीरें थीं। इन पोस्टरों में 'आजम, अतीक और मुख्तार, यही चलाते थे सरकार' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया'' जैसे नारे लिखे थे। इस बीच, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सपा कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'यह अच्छी बात है कि चुनाव नजदीक आते ही अब सपा के नेता चुनावी लाभ के लिए हिंदू पहचान का दिखावा कर रहे हैं। लेकिन मुझे बताएं कि हनुमान जी उन्हें क्यों आशीर्वाद देंगे। ये सपा नेता भगवान को राजनीति में घसीट रहे हैं।'

## यूपी विधानसभा चुनाव 2027: सपा-कांग्रेस गठबंधन में नेतृत्व को लेकर नेताओं के अलग-अलग सुर



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के दो नेताओं के बीच प्रदेश में गठबंधन के नेतृत्व की भूमिका को लेकर अलग-अलग राय सामने आई। कैराना से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद इकरा हसन और सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद दोनों 2024 के लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन के तहत निर्वाचित हुए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव में गठबंधन के नेतृत्व को लेकर दोनों नेता आपस में भिड़ गये। दोनों नेताओं ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए अपनी-अपनी पार्टी के नेताओं को महत्वपूर्ण बताया। मसूद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'केवल राहुल गांधी ही पूरे देश में विपक्ष की आवाज हैं, जिनसे भाजपा घबराती है। राहुल जी ने कठिन परिश्रम किया है और अनुकूल माहौल बनाया है। इसलिए राहुल जी के बिना कुछ भी संभव नहीं है।' मसूद इससे पहले सपा के साथ रहे हैं और वह सीट बंटवारे पर जल्द निर्णय लेने की वकालत करते रहे हैं। उन्होंने गठबंधन में कांग्रेस को 'बड़ा भाई' बताया। हालांकि, सपा नेता लगातार कहते रहे हैं कि गठबंधन की रूपरेखा राहुल गांधी और अखिलेश यादव तय करेंगे। वहीं, मंगलवार को इकरा हसन ने गठबंधन की संभावनाओं को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा, 'केवल अखिलेश यादव भाजपा को हराने में सक्षम हैं। कांग्रेस अपने बल पर बहुत अधिक कुछ हासिल नहीं कर पाएगी।' दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं की ओर से एकजुटता बनाए रखने के बयानों के बावजूद स्थानीय नेताओं की अलग-अलग टिप्पणियां गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर मतभेदों को दर्शाती हैं। सपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ा था और कुल 43 सीट पर जीत दर्ज की थी। इन 43 सीट में से सपा ने 37 और कांग्रेस ने छह सीट पर जीत हासिल की थी। गठबंधन ने फैजाबाद सीट पर भी जीत हासिल की थी, जो 2019 में भाजपा के पास थी। इस बीच, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा को सत्ता में आने से रोकने की कोशिश कर रहे दलों के साथ गठबंधन के विकल्प पर विचार कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जलझूलनी एकादशी पर डग में निकली भव्य देव विमान शोभायात्रा,एक दर्जन से अधिक विमानों ने बढ़ाई शोभा



**चमकता राजस्थान** झालावाड़ जिले के डग नगर में मंगलवार को जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर परंपरागत हर्षोल्लास के साथ देव विमान शोभायात्रा निकाली गई।नगर के सभी प्रमुख मंदिरों से भगवान के देव विमान सज-धज कर शोभायात्रा में शामिल हुए।

सुबह से ही मंदिरों में भगवान के विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना की गई। दोपहर बाद सभी मंदिरों से देव विमान परंपरागत मार्गों से होते हुए शोभायात्रा के रूप में रवाना हुए। इस शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक देव विमानों ने भाग लिया।आकर्षक फूलों और विद्युत सजावट से सजे देव विमान सभी के आकर्षण का केंद्र रहे।ढोल-नगाड़ों और भजन मंडलियों के साथ श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे,जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा।शोभायात्रा में स्थानीय व्यायाम शाला के पहलवानों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।पहलवानों ने लाठी, तलवारबाजी और शारीरिक शक्ति के हैरतअंगेज करतब दिखाए,जिन्हें देखकर लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने करतबों का खूब आनंद लिया।शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई झिरनिया स्थित देव विमान विश्राम स्थल पर पहुंची।यहां सभी देव विमानों को एक साथ विराजमान किया गया।मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान जल विहार करते हैं, इसलिए विधि-विधान के साथ भगवान को स्नान करवाया गया, उनकी पूजा-अर्चना कर महाआरती उतारी गई। इसके बाद बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।त्योहार को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।डग थाना पुलिस ने शोभायात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था संभाली और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।वहीं नगरपालिका प्रशासन की ओर से देव विमान विश्राम स्थल झिरनिया पर विशेष साफ-सफाई करवाई गई और श्रद्धालुओं के लिए पानी आदि की व्यवस्था की गई।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी,महिलाएं और बच्चे शामिल हुए और पुण्य लाभ अर्जित किया।

### जलझूलनी एकादशी पर बावड़ी बालाजी मंदिर में गूंजा सुंदरकांड पाठ, खीर-चूरमे का लगा भोग



**चमकता राजस्थान** रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर कस्बे के बावड़ी बालाजी मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान बालाजी की सामूहिक पूजा-अर्चना की। पूरे मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान भगवान बालाजी का आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने बालाजी को खीर और चूरमे का विशेष भोग अर्पित किया, वहीं अनेक भक्तों ने अपनी श्रद्धा के अनुसार बालाजी को चोला भी चढ़ाया। सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ हनुमानजी की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति में लीन नजर आए।

मंदिर के सेवादार रघुनंदन पारीक ने बताया कि जलझूलनी एकादशी पर आयोजित सुंदरकांड पाठ का समापन विधि-विधान के साथ हुआ। इसके बाद भगवान की महाआरती की गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम में कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। देर तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहा।

# रबी 2026-27 की पूर्व तैयारियों एवं कृषि आदान व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर रबी 2026-27 के दौरान किसानों को आवश्यक कृषि आदान समय पर उपलब्ध करवाने एवं आदान व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी को लेकर संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार, अजमेर द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आदान विक्रेता, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रबी सीजन के लिए आवश्यक बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता, मांग के अनुरूप आपूर्ति तथा वितरण व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं आदान विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि किसानों को रबी फसलों के लिए आवश्यक आदान समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उर्वरकों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी वितरण व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों से आगामी रबी सीजन के लिए उपलब्ध स्टॉक, आपूर्ति एवं संभावित मांग के संबंध में जानकारी ली गई तथा किसानों की आवश्यकता के अनुरूप समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

संयुक्त निदेशक ने कहा कि रबी सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए विभाग, उर्वरक कंपनियों एवं आदान विक्रेताओं के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

# जालौर नगर निकाय चुनाव 2026 में कांग्रेस के मुमताज अली बने उपाध्यक्ष

चमकता राजस्थान



जालौर। नगर निकाय चुनाव 2026 के तहत आज जालौर नगर परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के मुमताज अली विजयी घोषित हुए। मतदान में मुमताज अली को 25 वोट, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 15 वोट प्राप्त हुए। इस तरह मुमताज अली ने 10 मतों के अंतर से जीत दर्ज की।

**जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर**

मुमताज अली की जीत की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर परिषद के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई। समर्थकों ने मुमताज अली को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

इसके बाद मुमताज अली को गाड़ी के जरिए राजीव गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय ले जाया गया। कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर समर्थकों ने ढोल-डीजे और आतिशबाजी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, समर्थक और निर्वाचित पार्षद मौजूद रहे।

**ढोल-डीजे और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत**

राजीव गांधी भवन में समर्थकों ने मुमताज अली का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। जीत के जश्न में ढोल और डीजे की धुन पर समर्थक जमकर झूमते नजर आए, वहीं आतिशबाजी भी की गई।

इसके बाद राजीव गांधी भवन से मुमताज अली को रैली के रूप में उनके निवास स्थान तक ले जाया गया। रास्ते में जगह-जगह लोगों और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। डीजे की धुन पर समर्थकों ने जमकर डांस किया और जीत का जश्न मनाया।

जालौर शहर में देर तक कांग्रेस समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुमताज अली की जीत के बाद उनके समर्थकों ने इसे बड़ी राजनीतिक सफलता बताते हुए खुशी जाहिर की।

# लालसोट पुलिस की बड़ी कार्रवाई,आरोपी पर हत्या, अपहरण, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट समेत 10 मामले दर्ज

## दो साल से फरार हिस्ट्रीशीटर दिलखुश उर्फ दिल्लू करेल को किया गिरफ्तार, काली स्कॉर्पियो जब्त

चमकता राजस्थान

दौसा। लालसोट थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब दो साल से फरार चल रहे आरोपी दिलखुश मीना उर्फ दिल्लू करेल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस थाना मलारना डूंगर, सवाईमाधोपुर का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से काली स्कॉर्पियो नंबर फख14वड4423 भी जब्त की है। वाहन की पिछली नंबर प्लेट हटाई हुई मिली।

पुलिस के अनुसार आरोपी प्रकरण संख्या 588/2024 में वांछित था। यह मामला लालसोट क्षेत्र में वर्ष 2024 में हुई वारदात से जुड़ा है। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ एक भूखंड पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से पहुंचकर निर्माण कार्य को जेसीबी से ध्वस्त किया तथा परिवार के सदस्यों को धमकाया और बंधक बनाया।

- **पुलिस को देखकर स्कॉर्पियो भगाने का प्रयास**

पुलिस के मुताबिक 20 सितंबर को पीसीआर 112 से भगवतपुरा-चांदसेन-मिर्जापुरा चौराहे पर मारपीट की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके की ओर रवाना हुई। लाडपुरा मोड़ के पास सड़क किनारे काली स्कॉर्पियो के पास कुछ युवक खड़े दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखकर सभी स्कॉर्पियो में बैठकर तेजी से भागने लगे।

पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रुकवाने का प्रयास किया। इस दौरान चार-पांच युवक अंधेरे और खेतों में खड़ी फसल का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि वाहन चालक दिलखुश मीना उर्फ दिल्लू करेल को पुलिस ने पकड़ लिया। वाहन की जांच में पिछली नंबर प्लेट हटाई हुई मिली। दस्तावेज एवं लाइसेंस नहीं मिलने पर स्कॉर्पियो को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया।

- **तकनीकी सहायता से गिरफ्तारी**

पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। संदिग्ध मोबाइल नंबरों की सीडीआर प्राप्त कर उनका विश्लेषण किया गया तथा तकनीकी सहायता भी ली गई। रेंज स्तरीय विशेष अभियान के तहत लगातार प्रयासों के बाद आरोपी को 21 सितंबर को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

### रअफ्अछ परियोजना के तहत व्यावसायिक बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन, प्रशिक्षणार्थियों को मिले प्रमाण-पत्र



**चमकता राजस्थान** बालोतरा। कृषि विज्ञान केंद्र, गुड़ामालानी की ओर से रअफ्अछ परियोजना के अंतर्गत आयोजित व्यावसायिक बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. मीणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान केंद्र, गुड़ामालानी के डॉ. एस.एन. सक्सेना उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. प्रदीप पगारिया तथा नोडल अधिकारी डॉ. गीतेश मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. एम.एस. मीणा ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर बकरी पालन को बेहतर आय का साधन बनाया जा सकता है। उन्होंने उन्नत नस्ल के चयन, संतुलित आहार, स्वच्छ एवं उचित आवास, नियमित स्वास्थ्य जांच, समय पर टीकाकरण और कृमिनाशन पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एन. सक्सेना ने कहा कि बकरी पालन कम लागत में शुरू किया जा सकने वाला महत्वपूर्ण स्वरोजगार है। विशेष रूप से शुष्क एवं अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में यह ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

नोडल अधिकारी डॉ. गीतेश मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बकरी की उन्नत नस्लों, पोषण, प्रजनन, नवजात मेमनों की देखभाल, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, कृमिनाशन तथा लागत-लाभ प्रबंधन की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं और बाजार के अवसरों से भी अवगत कराया गया।

समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विकास कुमार एवं श्री तुरफान खान ने अतिथियों और प्रशिक्षणार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### नो-एंट्री में प्रवेश करने वाले 5 ट्रैक्टर जब्त, 61,000 का चालान



**चमकता राजस्थान** जिला पदाधिकारी लखीसराय के निर्देशानुसार शहर में जाम की समस्या के समाधान एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जेल मोड़ एवं जिला परिवहन कार्यालय से मुड़ने वाली सड़क पर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक वाहन, जैसे ट्रैक्टर, ट्रक एवं पिकअप आदि का प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। उक्त मार्ग पर व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होने तथा प्राप्त शिकायतों के आलोक में आज परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान नो-एंट्री क्षेत्र में प्रवेश करने वाले 5 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। उक्त वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 61,000 का चालान किया गया। जिला परिवहन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नो-एंट्री एवं यातायात संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध आगे भी लगातार सघन अभियान चलाया जाएगा। आम वाहन चालकों से अपील है कि वे निर्धारित यातायात नियमों एवं नो-एंट्री व्यवस्था का पालन करें तथा शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# 160 साल पुरानी परंपरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर ठाकुरजी का किया स्वागत

## कुण्डल में जलझूलनी एकादशी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, निकली भव्य फूलडोल यात्रा

चमकता राजस्थान

**दौसा।** जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर मंगलवार को कुण्डल कस्बे में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। करीब 160 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत मुरली मनोहर बड़े मंदिर से भव्य फूलडोल यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

फूलडोल यात्रा दोपहर करीब 3:30 बजे मुरली मनोहर बड़े मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुई। ठाकुरजी की सजी-धजी झांकी के साथ निकली यात्रा कस्बे के विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से होती हुई ढखोड़ वाले बालाजी मंदिर के समीप पहुंची। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर ठाकुरजी का स्वागत किया और जगह-जगह आरती उतारी।



ढखोड़ वाले बालाजी मंदिर के पास पहुंचने पर ठाकुरजी का विधि-विधान से स्नान कराया गया। इसके बाद पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन हुआ। पंडित द्वारा श्रद्धालुओं को जलझूलनी एकादशी की कथा सुनाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। फूलडोल यात्रा में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर के पुजारी ने बताया कि कुण्डल में फूलडोल यात्रा की परंपरा लगभग 160 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इस प्राचीन परंपरा को लेकर कस्बेवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

पूजा-अर्चना के बाद यात्रा वापस कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुरली मनोहर बड़े मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती कर आशीर्वाद लिया। फूलडोल यात्रा के चलते कुण्डल कस्बा दिनभर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया।

### वागले एस्टेट में गणराय के चरणों में नगरसेवक मनोज शिंदे की प्रार्थना

**चमकता राजस्थान** ठाणे : वागले एस्टेट परिसर के विभिन्न सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के साथ ही घरेलू गणपति बप्पा के नगरसेवक मनोज शिंदे ने श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। गणेशोत्सव के मंगलमय पर्व के अवसर पर उन्होंने नागरिकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं से आत्मीय संवाद साधा तथा उनके स्नेहपूर्ण स्वागत का अनुभव किया। इस अवसर पर मनोज शिंदे ने गणराय के चरणों में प्रार्थना करते हुए कहा कि वागले एस्टेट सहित पूरे ठाणे शहर के नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, सफलता और संतोष बना रहे। गणेशोत्सव के दौरान नागरिकों से संवाद करते हुए उन्होंने सामाजिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया।

''स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए किरण प्रिंटर्स प्लॉट नंबर 7 ,देवी नगर विस्तार,न्यू सांगानेर रोड,जयपुर से मुद्रित एवं 1 -ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6, जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000
(पीआईबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी सम्पादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929''